हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 01 अंक–66 : जौनपुर, गुरुवार 03 नवम्बर 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## महिला सुरक्षा व सम्मान के संकल्प की होगी पूर्ति – मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

लखनऊ ब्यूरो : सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सेफ सिटी परियोजना अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रही है। प्रदेश के अधिकाधिक शहरों को सेफ सिटी बनाएं। इससे महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन का संकल्प पूरा होगा। योगी बुधवार की शाम अपने आवास पर अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे। सीएम ने कहा कि सेफ सिटी परियोजना के माध्यम से लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट के तहत मॉडर्न कंट्रोल रूम, पिंक पुलिस बूथ, आशा ज्योति केंद्र, सीसीटीवी कैमरे, महिला थानों में परामर्शदाताओं के लिए हेल्प डेस्क, बसों में पैनिक बटन व अन्य सुरक्षा उपायों को लागू करने में सहायता मिली है। इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम से शहरों की सुरक्षा व्यवस्था स्मार्ट हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकाधिक शहरों को सेफ सिटी बनाएं। खास तौर से 17 स्मार्ट सिटी को सेफ सिटी रूप में विकसित करने की कार्ययोजना तैयार करें। प्रथम चरण में उत्तर प्रदेश 17 सेफ सिटी वाला पहला प्रदेश हो सकेगा। सीएम ने कहा कि प्रदेश के विभिन्न जनपदों में स्थित शत्रु संपत्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जानी आवश्यक है। सूची बनाकर इन्हें अतिक्रमण से मुक्त कराने के लिए गृह विभाग की निगरानी में प्रदेशव्यापी अभियान शुरू करें। इसके लिए प्रमुख सचिव स्तर के अधिकारी को नोडल अधिकारी के रूप में तैनात किया जाए। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के लिए क्रिमिनल



प्रोसीजर (आइडेंटिफिकेशन) एक्ट 2022 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए एक नोडल अधिकारी की तैनाती की जाए। प्रत्येक दशा में यह सुनिश्चित करें कि एनसीआरबी के पास वास्तविक और समयबद्ध आंकड़ों की उपलब्धता हो। साइबर सिक्योरिटी जरूरी, प्रस्ताव लाएं सीएम ने कहा कि अब प्रदेश के हर जिले में एक साइबर क्राइम थाने की आवश्यकता है। यह थाना स्थानीय सुविधानुसार जिलों के रिजर्व पुलिस लाइन में स्थापित किया जा सकता है। राज्य स्तर पर संयुक्त साइबर को–कॉर्डिनेशन टीम गठित की जाए। इस टीम में पुलिस विभाग के अलावा साइबर विशेषज्ञों को भी शामिल किया जाए। विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर प्रस्तुत करें।

## छठ पूजा पर मांस के बिक्री पर रोक लगाने हेतु सभी लोग आए आगे – गौरी शंकर चौबे

मुंबई ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : मालाड़ पूर्व क्षेत्र के अप्पापाड़ा के चैतन्य हाल में लोक आराधना के महापर्व डाला छठ के (सूर्य षष्ठी) पर तमाम छठव्रतियों महिलाओं के साथ उनके परिजनों ने पूरे आस्था के साथ अस्ताचलगामी भगवान भाष्कर को दूध और जल का पहला अर्घ्य दिया गया। इस अवसर पर भजन संध्या का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें शिव–पार्वती महारूप की भव्य झाँकी भी निकाली गई वहीं पर उपस्थित दर्शकों ने तालियां बजाकर स्वागत कीया। इस अवसर पर उपस्थित बतौर मुख्य अतिथि द्वारिकामाई चौरिटी संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजसेवी गौरीशंकर चौबे द्वारा छठ पर्व पर सभी नागरिकों को शुभकामनाएं देते हुए ,सरकार से अपील करते हुए कहा कि छठ पूजा के दिन मांस की दुकान बंद करने की पहल करनी चाहिए कम से कम अर्घ के दिन तो सरकार इस विषय



पर विचार करे, हमारा प्रतिनिधि मंडल बहुत जल्दी ही मुख्यमंत्री जी से इस विषय पर मिलकर निवेदन करेंगे मांस की बिक्री पर प्रतिबंध लगाया जाए।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

### प्रमुख मंदिरों को मुख्यमंत्री द्वारा प्रेषित हार्दिक शुभकामनाओं सहित उपहार किट को किया गया सप्रेम भेंट

जौनपुर सू.वि. : मा0 योगी आदित्यनाथ जी मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश की तरफ से दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं सहित मिष्ठान, पूजा सामग्री,



ग्रीटिंग कार्ड युक्त '' दीपावली उपहार '' जनपद के प्रसिद्ध शीतला चौकिया धाम, मैहर देवी मंदिर परमानतपुर, साईं बाबा मंदिर हुसैनाबाद, गायत्री मंदिर के महंत को जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय द्वारा सप्रेम भेंट किया। इस अवसर पर महंत, पुजारियों ने मा0 योगी आदित्यनाथ जी के उत्तम स्वास्थ्य व दीर्घायु होने की कामना के साथ उनके नेतृत्व में उत्तर प्रदेशवासियों की सुख, शांति, खुशहाली व समृद्धि की कामना की।

### जैव ऊर्जा उद्यमों संयत्रों की स्थापना तथा फीडस्टाक के संग्रहण एवं भण्डारण हेतु भूमि एक रूपये प्रति एकड़ वार्षिक लीज पर उपलब्ध करायी जायेगी –सी0डी0ओ0

हरदोई(अम्बरीष कुमार सक्सेना) मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा राना ने अवगत कराया है कि प्रदेश में जैव ऊर्जा उद्यमों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शासन द्वारा उ0प्र0 राज्य जैव ऊर्जा नीति 2022 लागू की गयी है और इसके तहत प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न सुविधाओं तथा प्रोत्साहन के माध्यम से निजी निवेशकों को आकर्षित कर जैव ऊर्जा उद्यमों की स्थापना निर्माण, संचालन एवं स्वामित्व आधार पर करायी जायेगी और कृषि अपशिष्ट आधारित बायोडीजल प्लाट, बायोपेलेट प्लाट प्रत्येक तहसील में लगाया जायेगा तथा तहसील को बायो प्लान्ट हेतु कैचमेन्ट एरिया बनाया जायेगा और इस नीति के अन्तर्गत स्थापित जैव ऊर्जा उद्यमों को वाणिज्यक उत्पादन आरम्भ की तिथि से 10 वर्ष तक विद्युत शुल्क एवं स्टाम्प डियुटी में शतप्रतिशत छूट के साथ परिभाषित एग्रिगेटर को केन्द्र सरकार के सबमिशन ऑन एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन योजना के तहत संयन्त्रों दी जा रही अधिकतम 50 प्रतिशत अनुदान के अतिरिक्त 30 प्रतिशत अनुदान, अधिकतम रू0–20 लाख की सीमा तक प्रदेश सरकार द्वारा बेलर, रेकर एवं ट्राली उपकरणों पर यूपी नेडा के माध्यम से उपलब्ध करायी जायेगी। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि जैव ऊर्जा उद्यम इकाइयों को भारत सरकार की नीति योजना के अतिरिक्त, उत्पादन क्षमता पर अनुदान दिया जायेगा, इसमें कम्प्रेस्ड बायोगैस उत्पादन पर रू0–75 लाख प्रति टन की



दर से अधिकतम रू0–20 करोड़ तक, बायोकोल उत्पादन पर रू0–75 लाख प्रति टन की दर से अधिकतम रू0–20 करोड़ दिया जायेगा और यदि किसी उद्यमी द्वारा बायो प्लान्ट में रू0–50 करोड़ या उससे अधिक का निवेश किया जायेगा तो उसे इकाई से अधिकतम 5 किलोमीटर तक एप्रोच रोड की सुविधा मुख्य मार्ग तक दी जायेगी तथा जैव ऊर्जा उद्यमों, संयत्रों की स्थापना तथा फीडस्टाक के संग्रहण एवं भण्डारण के लिए अधिकतम 30 वर्षो की लीज अवधि हेतु भूमि एक रूपये प्रति एकड़ वार्षिक टोकन लीज रेन्ट पर उपलब्ध करायी जायेगी और यह लीज नान ट्रान्सफरेबल है। उन्होने कहा है संयन्त्र स्थापना के इच्छुक व्यक्ति और अधिक जानकारी के लिए यूपीनेडा कार्यालय कक्ष संख्या 10 विकास भवन, द्वितीय तल से किसी भी कार्य दिवस में या दूरभाष नम्बर 9415609057 पर सम्पर्क करें।

## पेंशनर्स संघ ने पुरानी पेंशन बहाली एवं 18 माह के बकाया महंगाई राहत जारी करनें की किया मांग


जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश द्वारा ऑल इंडिया स्टेट गवर्नमेंट पेंशनर्स फेडरेशन के घोषित कार्यक्रम के अनुसार जनपद अध्यक्ष सी० बी ०सिह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट परिसर स्थित धरना स्थल पर सैकड़ों की संख्या में पेंशनर्स एकत्रित हो कर केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार स्तर पर पेंशनर्स की लम्बित नौ सूत्रीय मांगों को शीघ्र पूरी करने की मांग किया। मुख्य रूप से एन० पी ०एस० सिस्टम रद्द करते हुए देश एवं समस्त प्रदेशो में पुरानी पेंशनध्पारिवारिक पेंशन व्यवस्था को बहाल करने, कर्मचारी एवं पेंशनर्स को असाध्य बिमारियों के लिए आधी अधूरी कैशलेश चिकित्सा की सुविधा दी गई है,उसे समस्त बिमारियों के लिए लागू किया जाय,माह जनवरी 2020से जून 2021तक18माह के रोके गए महंगाई राहत का तत्काल भुगतान किया जाय, पेंशनर्स के राशिकृत धनराशि की वसूली 15वर्ष के स्थान पर 10वर्ष की जाय आदि नौ सूत्रीय मांगों को आमसभा में पास करके मांगों से संबंधित ज्ञापन मा0प्रधानमन्त्री जी भारत सरकार नई दिल्ली, एवं मा0 मुख्यमन्त्री जी उत्तर प्रदेश सरकार लखनऊ को भेजने हेतु जिलाधिकारी के प्रतिनिधि को सौंपा गया, जिसे सम्बन्धित को भेजने का



आश्वासन दिया गया। प्रदर्शन को मुख्य रूप से रूप से सर्वश्री नरेन्द्र सिंह, राकेश श्रीवास्तव ने कंचन सिंह, कृपा शंकर उपाध्याय, रमेश, पारसनाथ, मिठाई लाल,एस यन सिंह,बी बी सिंह,शारदा प्रसाद, मिथिलेश जायसवाल, ईन्जीनियर आर0पी0सिह, विश्व नाथ यादव, हीरालाल आजाद, आदि भारी संख्या में पेंशनर्स उपस्थित रहे। सभा का संचालन जिला मंत्री राजबली यादव ने किया।

## एक सप्ताह के अन्दर उप सम्भागीय कृषि कार्यालय में लिखित शपथ पत्र प्रस्तुत करें –डीएम

हरदोई( अम्बरीष कुमार सक्सेना) जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने जनपद के समस्त स्वामी कम्बाइन हार्वेस्टर को निर्देश दिये है कि मा0 सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिये आदेश के क्रम में फसल कटाई के दौरान प्रयोग की जाने वाली हार्वेस्टर के साथ सुपर स्ट्रा मैनेजमेण्ट सिस्टम अथवा स्ट्रीरीपर अथवा स्ट्रारेक एवं बेलर का अनिवार्य रूप से उपयोग करें और यदि कोई भी कम्बाइन हार्वेस्टर, सुपर स्ट्रा मैनेजमेण्ट सिस्टम अथवा स्ट्रीरीपर अथवा स्ट्रारेक एवं बेलर बिना चलती पायी गयी तो तत्काल सीज करने की कार्यवाही की जायेगी और कम्बाइन स्वामी के व्यय पर सुपर स्ट्रा मैनेजमेण्ट सिस्टम लगवाने के बाद छोड़ी जायेगी। जिलाधिकारी ने कम्बाइन स्वामियों से कहा है कि एक सप्ताह के अन्दर अपनी तहसील के उप सम्भागीय कृषि अधिकारी कार्यालय या जिला कृषि अधिकारी कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित शपथ पत्र प्रस्तुत करते हुए कृषि विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त कर लें कि आपने कम्बाइन हार्वेस्टर में सभी आपेक्षति अटैचमेन्ट लगवा लिया है और निर्धारित अवधि में शपथ पत्र नहीं दिया जाता है तो यह अवधारित किया जायेगा कि आप कम्बाइन हार्वेस्टर का वर्तमान में



उपयोग नहीं कर रहे है और ऐसी स्थिति में यदि आपको खरीफ फसलों की कटाई कार्य करते पाया जायेगा तो कम्बाइन हार्वेस्टर को सीज करते हुए आपके विरूद्व प्राथमिकी दर्ज कराते हुए दण्डात्मक कार्यवाही के लिए वाद न्यायालय में प्रस्तुत किया जायेगा। श्री सिंह ने समस्त उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिये है कि जिन कम्बाइन हार्वेस्टर के साथ सुपर स्ट्रा मैनेजमेण्ट सिस्टम नहीं लगा हो एवं फसल कटाई की जा रही हो तो उसे तत्काल सील करने के साथ अन्य विधिक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। उन्होने समस्त थाना प्रभारियों से कहा है कि यदि किसी राजस्व ग्राम में कम्बाइन हार्वेस्टर बिना सुपर स्ट्रा मैनेजमेण्ट सिस्टम अथवा स्ट्रीरीपर अथवा स्ट्रारेक एवं बेलर के कटाई करते है तो तत्काल सीज करने हेतु संबंधित उप जिलाधिकारी को अवगत करायें।

## 05 नवम्बर को होगा शिव सत्संग मंडल का आंचलिक धर्मोत्सव

हरदोई( अम्बरीष कुमार सक्सेना) शिव सत्संग मण्डल का आंचलिक धर्मोत्सव कार्तिक शुक्ल त्रयोदशी 05 नवंबर सायं 08 बजे से ब्लॉक शाहाबाद के अहमद नगर गांव में आयोजित होगा।यह जानकारी देते हुए



मण्डल के जिलाध्यक्ष प्रेम भाई ने बताया कि इस धर्मोत्सव में मंडलाध्यक्ष आचार्य अशोक,प्रवचनकर्ता राजेश पाण्डेय,यमुना प्रसाद,रवि कुमार वर्मा,राम अवतार,रवि लाल के अलावा भजनोपदेशक श्रीकृष्ण,राम चन्द्र आदि सम्मिलित रहेंगे। केन्द्रीय संयोजक अम्बरीष कुमार सक्सेना एवं मोहित राजपूत के संयुक्त संचालन में होने वाले इस धर्मोत्सव में सात्विक प्रवृत्ति के धर्म प्रेमीजनों, सत्संगी बंधुओं एवं बहनों को आमंत्रित किया गया है।

## नगर उद्योग व्यापार मंडल ने श्रद्धालुओं के लिए लगाया भंडारा

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : नगर उद्योग व्यापार मंडल ने अध्यक्ष राधेरमण जायसवाल के नेतृत्व में विजयादशमी और श्री दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के अवसर पर श्रद्धालुओं और समितियों के पदाधिकारियों के लिए मां दुर्गा के प्रसाद के रूप में शुद्ध हलवा के साथ स्वच्छ आर ओ का पानी का स्टॉल भंडारा श्रद्धालुओं के लिए सूटहट्टी बाजार स्टेशन रोड पर लगाया नगर अध्यक्ष राधेरमण ने सभी श्रद्धालुओं के साथ साथ श्री दुर्गा पूजा महासमिति व समिति के पदाधिकारियों का स्वागत किया सर्वप्रथम मुख्य अतिथि जौनपुर उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष दिनेश टंडन ने और श्री दुर्गा पूजा महासमिति के अध्यक्ष अनिल अस्थाना ने फीता काटकर और राम दरबार के साथ माता दुर्गा की प्रतिमा पर माला पुष्प अगरबत्ती चढ़ाकर पूजन करने के बाद भंडारे को प्रारंभ किया गया जिला अध्यक्ष दिनेश टंडन ने मेले में आए हुए अभी श्रद्धालुओं को विजयादशमी की बधाई देते हुए अपने हाथों से प्रसाद का वितरण किया उपस्थित प्रदेश उपाध्यक्ष सोमेश्वर केसरवानी और वैश्य समाज के जिला अध्यक्ष घनश्याम जायसवाल ने नगर उद्योग व्यापार मंडल द्वारा आयोजित भंडारे का प्रशंसा किया और अपने हाथों से श्रद्धालुओं में प्रसाद का वितरण किया भंडारे के आयोजन में नगर महामंत्री (उत्तरी) मनोज कुमार साहू महामंत्री (दक्षिणी) मुन्ना लाल अग्रहरि कोषाध्यक्ष अनिल कुमार वर्मा वरिष्ठ उपाध्यक्ष आशीष गुप्ता वरिष्ठ उपाध्यक्ष राकेश जायसवाल अमितोष गुप्ता का विशेष योगदान रहा कार्यक्रम में जिला संरक्षक अशोक बैंकर श्रीकांत माहेश्वरी गणेश साहू निखिलेश सिंह पंकज जायसवाल शशांक सिंह रानू संतोष जायसवाल पीयूष गुप्ता सुनील जायसवाल राधेकृष्ण ओझा तीर्थराज गुप्ता संतोष सिंह महेंद्र देव विक्रम अनिल साहू विजय सिंह संतोष कुमार मौर्य मोती लाल यादव संजय गुप्ता दिलीप सिंह यशवंत साहू मधुसूदन बैंकर प्रदीप सिंह हेमंत जायसवाल हसन अब्बास अनिल जायसवाल मनोज मौर्य विशाल जयसवाल निश्चय जायसवाल शुभम साहू रामाश्रय साहू के साथ–साथ सैकड़ों पदाधिकारी उपस्थित रहे संचालन राकेश जायसवाल ने किया सभी पदाधिकारियों का आभार मनोज कुमार साहू ने व्यक्त किया !

## वाराणसी कैंट स्टेशन के लिफ्ट में आधा घंटा फंसी रहीं छात्राएं : किया गया रेस्क्यू

वाराणसी ब्यूरो : मुगलसराय से गांधीधाम एक्सप्रेस में सवार होकर वाराणसी कैंट पहुंची छात्राएं गुरुवार सुबह करीब आधा घंटा लिफ्ट में फंसी



रहीं। लिफ्ट बंद होने पर छात्राओं ने इसकी जानकारी रेलवे कंट्रोल रूम को दी। कंट्रोल रूम ने इसकी जानकारी जीआरपी को दी। जानकारी मिलते ही जीआरपी कैंट प्रभारी स्टेशन निदेशक को जानकारी देते हुए मौके पर पहुंचे और संबंधित विभाग के कर्मचारी को मौके पर बुलवाकर लिफ्ट में फंसी छात्राओं को बाहर निकाला।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

**कड़क शब्दों में हल्की बात कहनें से अच्छा है विनम्र शब्दों में ठोस बात कही जाये।**

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# भूख, रैंकिंग विवाद और आंकड़ों में खामियां

भारत स्वाभाविक ही खुद को सबसे तेज गति से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बताते हुए गर्व महसूस करता है। महीने में औसतन 1.4 करोड़ रुपये के जीएसटी संग्रह को हमारी आर्थिक ताकत का उदाहरण बताया जाता है। पर क्या इससे सारा कुछ पता चलता है?

हमेशा ग्लोबल रैंकिंग का दोतरफा प्रभाव होता है। या तो उससे खुश हुआ जाता है, उस पर मुहर लगाई जाती है,या उसे खारिज किया जाता है। पिछले महीने ग्लोबल हंगर इंडेक्स जारी हुआ। कुल 121 देशों के इस इंडेक्स में भारत 107वें नंबर पर है। इसके जारी होते ही राजनीतिक क्षोभ उमड़ पड़ा, क्योंकि इसमें युद्ध जर्जर यूक्रेन 36वें और हिंसाग्रस्त श्रीलंका तो 64वें पायदान पर हैं ही, हमारे पड़ोसी देशों में से नेपाल 81वें, बांग्लादेश 84वें और पाकिस्तान 99वें पायदान पर हैं। भारत उन देशों से भी पीछे है, जो भारत से अनाज लेते हैं!

शीर्षक से लेकर कार्य प्रणाली संरचना तक इस इंडेक्स पर कई सवाल उठते हैं। इसके चार में से तीन मानक बच्चों के स्वास्थ्य पर फोकस करते हैं। बेशक नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे–5 के आंकड़े कुपोषण और उसके असर के बारे में बताते हैं। पर बच्चों में पोषण की स्थिति के आधार पर पूरी आबादी के पोषण के बारे में निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता। और जहां तक इस इंडेक्स के चौथे मानक अल्पपोषण के अनुपात का सवाल है, तो 1.4 अरब की आबादी वाले देश में मात्र 3,000 लोगों से बात कर आंकड़ा तैयार किया गया।

ऐसे में, आश्चर्य नहीं कि सरकार ने इस रैंकिंग को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि 'इसमें भूख की माप गलत सूचनाओं के आधार पर की गई है।' ग्लोबल रैंकिंग जारी करने वाली संस्थाओं और भारत के बीच विवाद का यह पहला उदाहरण नहीं है, न ही आखिरी होने वाला है। मौजूदा विवाद का कारण सांख्यिकीय आंकड़ों की कमी और अपर्याप्त डाटा संग्रह है, जिसने केंद्र और राज्य सरकारों को क्षुब्ध किया है। रैंकिंग्स के बारे में जनता की प्रतिक्रिया इस पर निर्भर करती है कि उसे तथ्य की कितनी जानकारी है, कितनी नहीं है, और जिसके बारे में जानकारी नहीं है, उस बारे में भी वह कितना जानती है।

विडंबना यह है कि अपने यहां बदतर डाटा संग्रह और व्यवस्थागत अक्षमता ने त्रुटिपूर्ण रैंकिंग के वैज्ञानिक अध्ययन की कोशिश को भी, ताकि इसके जवाब में सही तथ्य रखे जाएं, मुश्किल बना दिया है। प्रबंधन गुरु पीटर ड्रकर की मशहूर उक्ति है, 'जिसे मापा जाता है, उसमें सुधार आता है।' भारत अपनी शासन नीति और अर्थनीति में डाटा संग्रह लागू करने वाले शुरुआती देशों में से था। इसके बावजूद करीब सात दशक बाद देश में आंकड़ों का परिदृश्य गंभीर रूप से त्रुटिपूर्ण है। भारत इकलौती बड़ी अर्थव्यवस्था है, जो अपने नागरिकों की आय के बारे में जानने के लिए उपभोग को आधार बनाती है।

वर्ष 2021 में राज्यों का कुल जीएसडीपी देश की जीडीपी से अधिक था। ऐसे में, सवाल है कि देश में क्या मापा जाता है और क्या नहीं। यह भी कि यह कैसे और कब होता है। भूख का ही मुद्दा लीजिए। भारत फिलहाल खाद्य सुरक्षा के दो कार्यक्रम चलाता है– राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून के तहत सब्सिडाइज्ड अनाज योजना और पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत दिया जाने वाला मुफ्त राशन। कुल 80 करोड़ लोगों यानी आबादी के 75 प्रतिशत को इनका लाभ मिलता है। क्या लोग दोनों योजनाओं का लाभ उठाते हैं?

इन दोनों योजनाओं के तहत जो अनाज दिए जाते हैं, क्या किसी भी स्तर पर उसे मापा जाता है? क्या लाभार्थियों का सर्वेक्षण हुआ है? ठोस आंकड़े ही देश–दुनिया को पोषण और कुपोषण के बारे में बता पाएंगे। हालांकि तब भी रैंकिंग के विवादास्पद होने की आशंका रहेगी। भारत स्वाभाविक ही खुद को सबसे तेज गति से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बताते हुए गर्व महसूस करता है। महीने में औसतन 1.4 करोड़ रुपये के जीएसटी संग्रह को हमारी आर्थिक ताकत का उदाहरण बताया जाता है। पर क्या इससे सारा कुछ पता चलता है?

जीएसटी के आंकड़ों का अगर विश्लेषण किया जाए, तो इससे राष्ट्रीय स्तर पर उत्पादन और उपभोग का, वस्तुओं और सेवाओं में संबंधों और अलगाव का, एमएसएमई क्षेत्र के प्रदर्शन का पता चल सकता है। पर यह विश्लेषण होना अभी बाकी है। बेरोजगारी पर चिंतित होने के बजाय रोजगार सृजन हमारे राजनेताओं की गर्वोक्ति का कारण बनता है। केंद्र और राज्य सरकारें बुनियादी ढांचे पर लाखों करोड़ रुपये खर्च करती हैं। निश्चित तौर पर ये इसका आकलन करने में समर्थ हैं कि कितना रोजगार सृजन हुआ।

केंद्र, राज्य, नगरपालिकाओं और दूसरे स्थानीय निकायों में रोजगार के लिए पद सृजित किए जाते हैं। ऐसे में, हर साल संसद को क्यों नहीं सूचित किया जाता कि कितने पद सृजित किए गए, कितने पद खाली हैं और कितने लोगों को रोजगार मिला? अपने यहां कार्यबल का बड़ा हिस्सा अस्थायी कामगारों या स्वरोजगार वालों का है। इनकी गणना के लिए नियमित सर्वेक्षण जरूरी है। आखिरी बार एनएसएस–रोजगार–बेरोजगारी का सर्वे 2011–12 में हुआ था। हालांकि हमारे यहां आवधिक श्रम बल सर्वे होता है।

यह सर्वे कब होता है, क्या इसमें ग्रामीण आबादी को शामिल किया जाता है, और यह अर्थव्यवस्था के बारे में क्या बताता है? दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था अगर रोजगार का स्पष्ट आंकड़ा देने में लड़खड़ाती है, तो यह गंभीर मामला है। मानव विकास संकेतकों के मामले में डाटा संग्रह में दरार और अक्षमता कहीं ज्यादा दिखती है, और राज्यों के मामले में यह दरार ज्यादा स्पष्ट और दयनीय है। जैसे कि 10 राज्यों में कुल 25 फीसदी बच्चों का जन्म दर्ज ही नहीं होता। राष्ट्रीय स्तर पर यह आंकड़ा 11 फीसदी है।

जहां तक मृत्यु का मामला है, गृह मंत्रालय के मुताबिक, 86 फीसदी मृत्यु दर्ज होती है, हेल्थ सर्वे के अनुसार, 71 प्रतिशत मृत्यु दर्ज की जाती है, जबकि जनसंख्या के रिकॉर्ड ( एमसीसीडी, 2020) के मुताबिक, सिर्फ 54.6 फीसदी मृत्यु का चिकित्सीय प्रमाणन होता है! कोरोना महामारी स्वास्थ्य सेवा के मोर्चे पर राज्यों के लिए चेतावनी होनी चाहिए थी। पर क्या हम जानते हैं कि उत्तर प्रदेश और बिहार जैसे राज्यों में कितने नए डॉक्टरों की भर्ती हुई है? कितने नए अस्पताल बने हैं? महामारी में बच्चे और शिक्षक दो साल तक स्कूल नहीं जा सके। क्या हम जानते हैं कि तमाम राज्यों के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों के कितने पद खाली हैं? जाहिर है, डाटा संग्रह के भू–दृश्य को पुनर्गठित करने की जरूरत है, ताकि इसका बेहतर विश्लेषण किया जा सके कि विभिन्न मोर्चे पर यह देश कहां खड़ा है, और कहां पहुंचना चाहता है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## अनाधिकृत वेंडरो के विरुद्ध हो रही सघन जांच

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल द्वारा अपने यात्रियों को स्वच्छ, शुद्ध तथा ताजा भोज्य पदार्थ निर्धारित मूल्य पर उपलब्ध कराने की दिशा में निरंतरता से प्रयासरत रहते हुए अनाधिकृत वेंडरों के विरुद्ध मंडल के वाणिज्य विभाग की कैटरिंग शाखा के मुख्य खानपान निरीक्षक एवं उनकी टीम द्वारा अनेक प्रकार की जांचो का आयोजन किया जाता है ,ताकि अनाधिकृत वेंडिंग पर रोक लगाते हुए यात्रियों को उचित मूल्य पर गुणवत्तापूर्ण खाने–पीने का सामान उपलब्ध कराया जा सके। विगत दिवसों में इन्ही जांच अभियानों के तहत लखनऊ स्टेशन पर गाड़ी संख्या 03170 (हरिद्वार–कोलकाता पूजा स्पेशल) के आगमन पर इसकी जांच के दौरान एक स्लीपर बोगी में चाय का एक कंटेनर एवं दो कार्टन खाना लावारिस अवस्था में पाया गया। तत्काल इस भोजन सामग्री को प्रशासन द्वारा अपनी सुपुर्दगी में लिया गया, ताकि इसका अनुचित प्रयोग न किया जा सके। इसी प्रकार टीम द्वारा गाड़ी संख्या 15904 (चंडीगढ़–डिब्रूगढ एक्सप्रेस ) के लखनऊ आने पर इसके निरीक्षण के दौरान पैंट्री कार में 03 अनाधिकृत वेंडरों को बिना किसी वैध प्राधिकार पत्रों के कार्य करते हुए पाया गया। इस पर तत्काल कार्यवाही करते हुए उक्त तीनों अनाधिकृत वेंडरों को पैंट्री कार मैनेजर के माध्यम से टिकट चेकिंग कर्मचारी द्वारा जुर्माना लगाते हुए प्रभारित किया।



इसके अतिरिक्त इन्ही जांचों के अंतर्गत गाड़ी संख्या 15065 (गोरखपुर–पनवेल एक्सप्रेस) की लखनऊ स्टेशन पर जांच के दौरान अनाधिकृत रूप से 03 वेंडरों को पान मसाला,सिगरेट जैसे प्रतिबंधित पदार्थों एवं अप्रमाणित पानी की बोतलें बेचते हुए पकड़ा गया। उक्त तीनों वेंडरों को तत्काल पकड़कर इनके पास से पाए गए सामान सहित इनको अग्रिम कार्यवाही हेतु रेलवे सुरक्षा बल ।लखनऊ के हवाले कर दिया गया।

## गंगा समग्र के अध्यक्ष बोले : राम मंदिर आंदोलन की तरह नदियों की रक्षा के लिए चले अभियान

प्रयागराज ब्यूरो : राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के अनुषांगिक संगठन गंगा समग्र काशी प्रांत की बैठक में गंगा और उसकी सहायक नदियों की स्वच्छता को लेकर मंथन हुआ। गंगा समग्र के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमरेंद्र सिंह की मौजूदगी में इस बात पर जोर दिया गया कि नदियों, तालाबों, झीलों और पर्यावरण की रक्षा के लिए राम जन्मभूमि आंदोलन की तर्ज पर समाज के विभिन्न वर्ग के लोगों को एकजुट करते हुए अभियान चलाया जाए। अलोपीबाग स्थित स्वामी वासुदेवानंद आश्रम में गंगा समग्र के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमरेंद्र सिंह ने कहा कि मां गंगा और उसकी सहायक नदियों के साथ, तालाबों, पोखरों एवं प्राकृतिक संपदा का सम्मान जरूरी है। गंगा को अविरल और निर्मल करने के लिए उन्होंने पुराने ग्रामीण जनजीवन की अर्थव्यवस्था की भी याद दिलाई। कहा कि किस प्रकार से बरसात के दिनों में और तालाब में पानी का जलस्तर गंगा के जलस्तर के साथ बढ़ता था। गंगा में पानी कम हो तो कुएं और तालाब से पानी का जलस्तर मेंटेन किया जाता था। यह एक प्राकृतिक टेक्नोलॉजी है, इसे कार्यकर्ताओं को समाज में पहुंचकर बताना पड़ेगा। इस अवसर पर काशी प्रांत संगठन मंत्री अमरीश ने सरसंघचालक मोहन भागवत के कथनों का उदाहरण देते हुए कहा कि प्रयागराज और काशी, गंगा समग्र के राष्ट्रीय आयाम का वह स्थान बनेगा, जहां से यह आंदोलन उठ खड़ा हो रहा है। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रांत सह संचालक अंगराज सिंह , काशी प्रांत गंगा समग्र संयोजक राकेश, नीरज चतुर्वेदी आदि मौजूद रहे। उधर, गंगा समग्र की ओर से शाम को गंगा रक्षिता गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। इसमें पूर्व आईजी केपी सिंह ने कहा कि दुनिया में गंगा ही एक ऐसी नदी है, जो अपनी गंदगी को स्वयं साफ करती है।




हम समाज के लोगों को और प्रशासन के साथ मिलकर गंगा समग्र के साथ कदम से कदम मिलाकर काम करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि यदि गंगा और यमुना के किनारे के पुराने बड़े घाटों और मंदिरों का जीर्णोद्धार किया जाए तो वहां पहुंचने वाले लोगों में एक आस्था का विश्वास जगेगा और साथ ही गंगा के सहारे किनारे रहने वाले लोगों को रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे। गंगा की अविरलता के लिए आगे आएं बहनें गंगा समग्र के गंगा सेविका का अभ्यास वर्ग राष्ट्रीय अध्यक्ष अमरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में सिविल लाइंस स्थित एक होटल में हुआ। इसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष ने गंगा समग्र के तमाम आयामों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बहनों से गंगा एवं पर्यावरण के साथ संतुलित जीवन के लिए प्रेरित किया। कहा कि गंगा और उसकी सहायक नदियों और प्राकृतिक संपदा को सुरक्षित तथा संरक्षित रखने में माताओं बहनों का हमेशा अमूल्य योगदान रहा है। अब समय आ गया है कि उन्हें आगे आकर गंगा समग्र के माध्यम से एक बार मां गंगा की अविरलता और निर्मलता को गति देना होगा। काशी प्रांत संगठन मंत्री अमरीश जी ने कहा कि आज मां गंगा और हमारी बहनें एक साथ खड़ी हैं। जब माताएं और बहनें मां गंगा के लिए आगे बढ़ेंगे तो विश्वकल्याण निश्चित और सुनिश्चित होगा और यह संदेश गंगा सेविका प्रयागराज अभ्यास वर्ग से जाना चाहिए। इस अवसर पर डा. वंदना बंसल, रंजना गुलाटी, सीमा सिंह, श्वेता, वर्षा कुशवाहा, पूजा सिंह आदि मौजूद रहीं।

## सेटेलाइट इमेज से होगा भ्रष्टाचार का खुलासा – इसरो वैज्ञानिक प्रो. रैमिल्ला

प्रयागराज ब्यूरो : आने वाले समय में सेटेलाइट इमेज से भ्रष्टाचार का खुलासा होगा। पुल, हाईवे के निर्माण जैसी बड़ी परियोजनाओं के आंकड़े छिपाने वाले रंगे हाथों पकड़े जाएंगे। यह सब अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के उपयोग से संभव हो सकेगा। चुटकी बजाते ही पता चल जाएगा कि कागज पर क्या रिपोर्ट दी गई है जबकि मौके पर क्या स्थिति है। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के भौतिक विज्ञान विभाग में बुधवार को व्याख्यान देने आए इसरो के वैज्ञानिक डॉ.मूर्ति रैमील्ला ने बताया कि अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी तेजी से विकसित हो रही है। आने वाले समय में दैनिक जीवन में इसके उपयोग को बढ़ावा दिया जाएगा। कृषि के क्षेत्र में इस पर काम शुरू भी हो चुका है। सेटेलाइट इमेजरी सिस्टम से पता लगाया जा रहा है कि देश में गेहूं की कितनी फसल रोपी गई और अनुमानित उत्पादन क्या होगा। बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदा पर नियंत्रण के लिए भी सेटेलाइट इमेज मददगार साबित होगी। सरकार चाहे तो अवैध खनन, नदियों के किनारे तेजी से बढ़ रहे अतिक्रमण, प्रदूषण पर नियंत्रण आदि के लिए भी सेटेलाइट इमेज का उपयोग कर सकती है। स्थानीय प्रशासन भी इसकी मदद से बेहतर काम कर सकता है। अधिकतर राज्यों में स्पेस अप्लीकेशन सेंटर बनाए गए हैं, जहां से स्थानीय प्रशासन आवश्यक जानकारियां एवं आंकड़े प्राप्त कर सकता है। 1980 से सेटेलाइट इमेज का रिकॉर्ड है। इससे



पता लगाया जा सकता है कि किसी क्षेत्र में दस वर्ष पहले कितने पेड़ थे और अब कितने फीसदी पेड़ बचे हैं। भविष्य में पर्यावरण के साथ जल संरक्षण की दिशा में भी सेटेलाइट इमेजरी सिस्टम महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा। दक्षिण भारत के कई ऐसे राज्य हैं, जहां सेटेलाइट इमेज से मछुआरों को जानकारी दी जाती है कि नदी के किस हिस्से में अधिक मछलियां हैं। इससे मछुआरों की आर्थिक स्थिति में काफी सुधार हुआ है। वहीं, ट्रैफिक कंट्रोल में भी सेटेलाइट इमेज काफी मददगार हो सकती है। इससे एक्सीडेंट जोन को भी चिह्नित कर वहां आवश्यक सुधार किए जा सकते हैं। इसी आधार पर उचित स्थानों पर अस्पतालों की स्थापना भी की जा सकती है। कार्यक्रम के संयोजक इविवि के भौतिक विज्ञान विभाग के प्रो.केएन उत्तम ने विश्वविद्यालय आने के लिए डॉ.मूर्ति के प्रति आभार व्यक्त किया।

## प्रबंधन संस्थानों में नाममात्र के दाखिले : एमबीए एमसीए की 80 फीसदी सीटें रहेंगी खाली

लखनऊ ब्यूरो : डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) से संबद्ध मैनेजमेंट संस्थानों में नाममात्र के दाखिले हुए हैं। उत्तर प्रदेश टेक्निकल एडमिशन काउंसिलिंग (यूपीटैक) की दो चरणों की पीजी की काउंसिलिंग प्रक्रिया पूरी हो गई है लेकिन एमबीए–एमसीए की कुल 37,728 में से सिर्फ 2551 सीटें पर ही दाखिले हुए हैं। यही हाल रहा तो इन दोनों कोर्स की 80 फीसदी सीटें खाली रहेंगी। एकेटीयू से प्रदेश भर में 750 से अधिक कॉलेज संबद्ध हैं। इनमें से लगभग 350 कॉलेजों में एमबीए व एमसीए की पढ़ाई होती है। इनमें एमबीए की 31,883 और एमसीए की 5,845 सीटें हैं। इसके लिए सीयूईटी पीजी के विद्यार्थियों के रजिस्ट्रेशन कराकर दाखिले के लिए काउंसिलिंग की जा रही है। अब तक दो चरणों में हुई काउंसिलिंग में महज 2,551 विद्यार्थियों ने दाखिला लिया है। दरअसल रजिस्ट्रेशन भी महज 3,987 विद्यार्थियों ने कराया है। ऐसे में इन कॉलेजों की 80 फीसदी सीटें खाली रहना तय है। इसी क्रम में पीजी कोर्सों में दाखिले के लिए तीसरे चरण की काउंसिलिंग तीन नवंबर से शुरू होगी। विवि कैंपस में पहले चरण में 50 फीसदी सीटें भरीं संबद्ध कॉलेजों में एमबीए में दाखिले कम हो रहे हैं लेकिन इसी साल एकेटीयू कैंपस में शुरू हुए डिपार्टमेंट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज को लेकर विद्यार्थियों में काफी उत्साह है। यहां 60 सीटों पर दाखिले के



लिए 80 आवेदन हुए हैं। वहीं अब तक 28 सीटों पर दाखिले भी हो चुके हैं। जबकि पहले से चल रहे एकेटीयू के यूपीआइडी नोएडा में 60 में से 20 सीटों पर ही प्रवेश हुए हैं। उधर, आईईटी में पूरी 60 सीटें भर गई हैं। बीफार्मा की 100 सीटों पर प्रवेश के लिए 394 आवेदन एकेटीयू ने चालू शैक्षिक सत्र 2022–23 से अपने कैंपस में बीफार्मा की पढ़ाई भी शुरू करने का निर्णय लिया है। इसके तहत यहां की 100 सीटों पर दाखिले के लिए दूसरे चरण की प्रवेश काउंसिलिंग के दौरान अलग से रजिस्ट्रेशन कराए गए। विवि के मुताबिक इन सीटों के लिए 394 आवेदन हुए हैं। 228 विद्यार्थियों ने च्वॉइस फिलिंग में यहां प्रवेश के लिए अपनी पहली प्राथमिकता दी है। जल्द ही सीट अलाटमेंट जारी किया जाएगा।

## बलिया निवासी युवक को सिर पर मारी गोली : जंगल में घायलावस्था में मिला : बताई अपनी पहचान

बलिया ब्यूरो : राजगढ़ थाना क्षेत्र के सेमरी जंगल में गुरुवार की सुबह में एक युवक को गोली मारी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस घायलावस्था में पड़े युवक को पीएचसी ले गई। वहां से मण्डलीय अस्पताल रेफर कर दिया गया। मण्डलीय अस्पताल से उसे ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। युवक बलिया जिले का निवासी बताया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। गुरुवार की सुबह राजगढ़ पुलिस गश्त कर रही थी कि तभी जंगल की तरफ सड़क किनारे एक युवक घायलावस्था में मिला। पुलिस घायल अवस्था में मिले युवक को उपचार के लिए पीएचसी ले गई। जहां से उसे मण्डलीय अस्पताल रेफर कर दिया गया। युवक ने कागज में अपना नाम पता लिखकर बताया। युवक सूरज कुमार (34) पुत्र विजय शंकर निवासी सिकहरा थाना नगरा बलिया जिला बताया। मंडलीय अस्पताल के डॉक्टर ने बताया कि युवक के सिर में गोली लगी थी। उसके सिर में लगी गोली बाहर नहीं निकली थी। हालत गंभीर होने पर उसे ट्रामा सेंटर वाराणसी के लिए रेफर कर दिया गया है। थानाध्यक्ष राजगढ़ ने बताया कि युवक जंगल के पास सड़क किनारे सुनसान इलाके में घायल अवस्था में पड़ा था। मामले की छानबीन की जा रही है कि युवक यहां कैसे आया। ग्रामीणों से पूछने पर पता चला कि वह सक्तेशगढ़ की ओर से टहलते हुए आया।

## मऊ में बदमाश ने सरेआम युवक को मारी गोली : मुख्तार अंसारी से जोड़ा जा रहा नाम

वाराणसी ब्यूरो : शहर कोतवाली क्षेत्र के भीटी बाजार में बुधवार को दोपहर के समय किराना की दुकान पर सामान लेने पहुंचे युवक को दो मनबढ़ों ने कहासुनी के बाद गोली मार दी। गोली उसके जांघ में लगी। घटना के बाद आरोपी भाग गये। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। घायल युवक भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व जिलाध्यक्ष मुन्ना दुबे का भतीजा है। मनबढ़ों का नाम मुख्तार अंसारी से भी जोड़ा जा रहा है। जिला अस्पताल में भर्ती भीटी निवासी अजय दूबे (27) पुत्र अशोक कुमार दुबे ने पुलिस को बताया कि कि बुधवार की दोपहर करीब तीन बजे वह घर का सामान खरीदने के लिए बाहर निकला था। पांडेय कटरा में पहुंचकर किराने की दुकान से सामान ले रहा था। इसी बीच दुकान पर अपने साथी के साथ मौजूद पंकज से उसकी कहासुनी हो गई। पंकज ने अपनी पिस्टल से उस पर गोली चला दी। गोली उसके दाहिने पैर की जांघ के आरपार हो गयी। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोग भयभीत हो गये। गोली मारने के बाद आरोपी भाग निकले। सूचना मिलने पर



शहर कोतवाल संजय त्रिपाठी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। घायल पंकज को जिला अस्पताल भिजवाया। यहां चिकित्सकों ने बाद में पंकज को वाराणसी रेफर कर दिया। गोली लगने की सूचना पर पंकज का भाई अभिनंदन भी मौके पर पहुंचा। भाजपा नेता के भतीजे को गोली मारने की सूचना पर सीओ धनंजय मिश्रा ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। सीओ सीटी धनंजय मिश्रा ने बताया कि गोली मारने वाले बदमाश पंकज सिंह का संबंध मुख्तार अंसारी गिरोह से है। एक माह पहले अवैध असलहा के मामले में उसे गिरफ्तार किया गया था। पिछले दिनों वह जमानत पर रिहा हुआ था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## कारबाइन लूटकांड में घायल सिपाही की मौत : श्रमजीवी एक्सप्रेस में बदमाशों ने चाकू से किया था हमला

प्रयागराज ब्यूरो : राजगीर से नई दिल्ली जाने वाली श्रमजीवी एक्सप्रेस में एक हफ्ते पूर्व हुए कारबाइन लूटकांड में घायल सिपाही राकेश कुमार (25) की बुधवार को ट्रॉमा सेंटर लखनऊ में मौत हो गई। वह हंडिया के बरौत के रहने वाले थे। उनका शव बृहस्पतिवार को पैतृक आवास पर लाया जाएगा। हंडिया थाना क्षेत्र के नाहरपुर पोस्ट बरौत गांव निवासी राकेश पुत्र अमृत लाल दो भाइयों में छोटे थे। बड़ा भाई दिनेश कुमार शिक्षामित्र है। पिता खेती करते हैं। अविवाहित राकेश गाजीपुर पुलिस लाइन में तैनात थे। उनकी ड्यूटी गाजीपुर जिले के मोहम्मदाबाद विधानसभा सीट से विधायक शोएब अंसारी की सुरक्षा में लगाई गई थी। 25 अक्तूबर को राकेश कुमार वाराणसी से नई दिल्ली जाने वाली श्रमजीवी एक्सप्रेस में बैठकर विधायक शोएब अंसारी की सुरक्षा ड्यूटी के लिए लखनऊ जा रहे थे। ट्रेन शाम करीब साढ़े छह बजे सुल्तानपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर तीन पर पहुंची थी। तभी इंजन के पीछे लगी दिव्यांग बोगी में सवार यात्रियों ने एक सिपाही के घायल होने की सूचना गार्ड को दी थी। गार्ड ने घटना से ट्रेन के लोको पायलट को अवगत कराया था। सूचना मिलने के



बाद तत्कालीन जीआरपी थानाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी, सिपाही आत्मा राम और अमन शुक्ला बोगी के पास पहुंचे थे, जहां उन्हें सिपाही राकेश कुमार ने लड़खड़ाती जुबान में हमले और कारबाइन लूटने की जानकारी दी थी। गंभीर हालत में सिपाही को जिला अस्पताल पहुंचाया गया था, जहां हालत नाजुक होने पर ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया था। बुधवार दोपहर ट्रॉमा सेंटर लखनऊ में उनकी मौत हो गई। उनकी मौत की खबर पहुंची तो घर में कोहराम मच गया। ग्रामीण भी जुट गए। रिश्तेदारों ने बताया कि शव बृहस्पतिवार को गांव लाया जाएगा। इसके बाद अंतिम संस्कार किया जाएगा।

# अनुभव श्रीवास्तव के कस्टम इंस्पेक्टर बनने पर संगत पंगत ने किया सम्मानित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : आज संगत पंगत संगठन जौनपुर द्वारा हुसैनाबाद निवासी अनुप श्रीवास्तव बमबम के पुत्र अनुभव श्रीवास्तव के कस्टम इस्पेक्टर के पद पर नियुक्ति पर अनुभव श्रीवास्तव का जोरदार स्वागत किया गया व अंगवस्त्र स्मृति चिन्ह भेंट कर माल्यापर्ण कर जोरदार स्वागत किया गया। स्वागत करते हुए संगत पंगत के प्रदेश सहसंयोजक राजेश श्रीवास्तव बच्चा भइया एडवोकेट ने कहा कि संगत पंगत के संस्थापक श्री आर के सिन्हा जी राज्यसभा सांसद के मार्गदर्शन में जो विद्यार्थी अपने मेहनत से नौकरी पाते है उनको सम्मानित कर उत्साहवर्धन किया जाता हैं। बच्चा भइया ने कहा कि संगत पंगत परिवार सुखदुःख का साथी है जो सुखदुःख में सबसे पहले पहुँचता हैं आज अनुभव श्रीवास्तव ने कस्टम इंस्पेक्टर बन पूरे जौनपुर व उत्तर प्रदेश का सम्मान बढ़ाया है। संगत पंगत के संरक्षक संजय श्रीवास्तव ए डी जी सी क्रिमनल ने कहा कि अनुभव श्रीवास्तव के सम्मान से अन्य बच्चो में भी उत्साह बढेगा और बच्चे प्रेरित होकर नौकरी में आएंगे। संगत पंगत के संरक्षक राजेश श्रीवास्तव गुरु जी पत्रकार ने कहा कि आज जौनपुर में बच्चे नौकरी पाकर जनपद का सम्मान बढ़ा रहे है। संगत पंगत के जिलाध्यक्ष पंकज श्रीवास्तव हैप्पी ने कहा कि अनुभव से लोग प्रेरणा लेकर



और बच्चे पढ़ाई कर आगे बढ़ेंगे संगत पंगत सबके सम्मान के लिए दृढ़ संकल्प हैं। अपने स्वागत से अभिभूत हो कर अनुभव श्रीवास्तव कस्टम इंसपेक्टर ने कहा कि अपनी जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करूँगा व निष्ठा के साथ देश व समाज की सेवा करूँगा। स्वागत करने वाले में कार्यक्रम संयोजक अमित श्रीवास्तव पप्पू मामा,वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय श्रीवास्तव अज्जू, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष विश्व प्रकाश श्रीवास्तव दीपक जी पत्रकार, कोषाध्यक्ष शरद श्रीवास्तव महामंत्री सुलभ श्रीवास्तव, पूर्व पंचायत अधिकारी राजेश श्रीवास्तव, भाजपा नेता दीपक जी दीपू, सुशील श्रीवास्तव बमबम, माता ममता श्रीवास्तव, अंशुमान श्रीवास्तव ओम साई श्रीवास्तव, राकेश श्रीवास्तव राजेश श्रीवास्तव आदि लोग मौजूद रहे। जिलाध्यक्ष पंकज श्रीवास्तव हैप्पी ने आये हुए सभी का आभार व्यक्त किया।

# बदलापुर महोत्सव में लगाए गये राजकीय स्टालों का डिप्टी सीएम ने फीता काट कर किया उद्घाटन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बदलापुर महोत्सव के दूसरे दिन बुद्धवार को बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने परिसर में लगे सभी स्टालों का फीता काट कर उद्घाटन किया! सब से पहले वह लाव लश्कर के साथ वह बेसिक शिक्षा विभाग का उद्घाटन किया! जहाँ शिक्षक संघ के अध्यक्ष सुधीर सिंह, अनिल पाण्डेय आदि शिक्षकों ने माला पहना कर उनका स्वागत किया! इसके बाद धीरे धीरे वह राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह व विधायक रमेश मिश्रा के साथ विकास विभाग, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, कौशल विकास मिशन, दिव्यांग विभाग, बिजली, पशुधन आदि विभागों का बारीकी से निरीक्षण किया!

# कल होगा अपना दल एस पार्टी का राष्ट्रीय अधिवेशन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अपना दल यस पार्टी कार्यालय पर एक विशेष बैठक कर आगामी 4 नवंबर को अपना दल एस पार्टी का राष्ट्रीय अधिवेशन होना सुनिश्चित हुआ है इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान लखनऊ में इस विषय में एक आवश्यक बैठक जिला अध्यक्ष शिवनारायण पटेल के अध्यक्षता में जिला कार्यालय वाजिदपुर में संपन्न हुआ बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पप्पू माली राष्ट्रीय सचिव अपना कर रहे। बैठक को संबोधित करते हुए पप्पू माली ने कहा कि आगामी 4 नवंबर को अपना दल यस पार्टी को एक क्षेत्रीय दल का दर्जा प्राप्त होने के उपरांत अपना दल एस पार्टी नए सिरे से संगठन को नया दिशा नया स्वरूप देने का संकल्प लिया है जिसके तहत आगामी 4 नवंबर को पार्टी के स्थापना दिवस के मौके पर अपना दल एस पार्टी का 4 नवंबर सन 1995 डॉक्टर सोनेलाल पटेल जी ने स्थापना किया था अतः उसी स्थापना दिवस पर अपना दल एस पार्टी का राष्ट्रीय अधिवेशन 4 नवंबर को होना सुनिश्चित हुआ है इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान लखनऊ में जिसमें पार्टी द्वारा चलाए गए 1 माह का विशेष सदस्यता अभियान के तहत जितने सक्रिय सदस्य एवं आजीवन सदस्य पार्टी के बनाए गए हैं वह सभी लोग 4 तारीख के राष्ट्रीय अधिवेशन में आमंत्रित हैं इस राष्ट्रीय अधिवेशन में सर्वप्रथम पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव होना सुनिश्चित होगा पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव वही लोग भाग लेंगे जो पार्टी के सक्रिय सदस्य एवं आजीवन सदस्य का सदस्यता नए सिरे से लिए हुए हैं इसलिए जो भी पार्टी के सदस्य एवं आजीवन की सदस्यता प्राप्त किए हुए हैं अपना सक्रिय सदस्य कार्ड आजीवन सदस्य कार्ड लेकर इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान लखनऊ में 4 नवंबर



को राष्ट्रीय अधिवेशन में प्रतिभाग करें 11:00 से राष्ट्रीय अधिवेशन का शुरुआत होना सुनिश्चित हुआ है हमारी पार्टी अपना दल यस अब नए कलेवर में नए रूप में पार्टी को स्थापित करने का प्रयास करेगी आज हमारी पार्टी प्रदेश में तीसरी सबसे बड़ी पार्टी के रूप में है हमारी पार्टी आगामी होने वाले निकाय चुनाव मे भी मजबूती के साथ लड़ने जा रही है हमारी तैयारी अब गांव के साथ–साथ शहरों मे भी अपना संगठन का विस्तार और संगठन को मजबूत करने का प्रयास होगा इसी कड़ी में हमारी पार्टी आगामी निकाय चुनाव में अपने प्रत्याशी उतारेगी अभी से हम लोग निकाय चुनाव लड़ने इच्छुक कार्यकर्ता पदाधिकारी अपनी–अपनी तैयारी में लग जाए कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष शिवनाथ पटेल जी ने कहा कि आगामी 4 नवंबर को पार्टी पार्टी के राष्ट्रीय अधिवेशन मे सभी सक्रिय सदस्य आजीवन सदस्य प्रतिभाग करेंगे अतः सभी से अनुरोध है कि इस राष्ट्रीय अधिवेशन में आप सभी लोग पहुंचकर अपने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव में अपना बहुमूल्य मत देने का कष्ट करें जिससे अपने पार्टी को मजबूती प्रदान हो बैठक का संचालन जिला उपाध्यक्ष गुरुदीन यादव जी ने किया बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित मान सिंह पटेल गोकर्ण पटेल अनिल जायसवाल जी लाल प्रकाश पाल जी राम सामोद गौतम जी राजेश पटेल जी संजय चौहान मंगला प्रसाद बिंद संतोष पटेल वीरेंद्र पटेल राजेश पटेल सूरज पटेल अजय पटेल संजय यादव डॉ मनीष यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

# राज्यमन्त्री की पहल पर लोकनिर्माण विभाग की एक टीम द्वारा किया गया छतिग्रस्त शास्त्री पुल की जांच

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार गिरीश चंद यादव जी ने उत्तर प्रदेश के लोकनिर्माण मंत्री जितिन प्रसाद जी को 2नवम्बर22 को पत्र के माध्यम से बताया कि लखनऊ – मांझीघाट राज्यमार्ग ( वर्तमान में एन० एच० – 128। ) जौनपुर नगर के मध्य में गोमती नदी पर निर्मित शास्त्री पुल अत्यंत जर्जर होने तथा भारी वाहनों के आवागमन के कारण दिनांक 19 –10–22 मो पुल की एक वियरिंग छतिग्रस्त हो गयी हैं तथा उस स्थान पर पुल का फुटपाथ व रेलिंग टूट गयी है। जिसके कारण से पुल से यातायात करने वालो संचालको को असुविधा हो रही हैं। तथा दुर्घटना होने की सम्भावना से इनकार नही किया जा सकता। इस पुल से भारी वाहनों का यातायात हमेशा बना रहता है तथा जनपद आजमगढ़ , मऊ , बलिया , गोरखपुर जाने का यही मुख्य मार्ग है। इसलिए जल्द से जल्द इस पुल का मरम्मत / रिहैबिलिटेशन कराना जनहित में अति आवश्यक है। राज्यमंत्री स्वतन्त्र प्रभार ने कहा कि 28 अक्टूबर को जिलाधिकारी जौनपुर द्वारा एक पत्र प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग को भेजा गया जिसमें उन्होंने जनहित में उक्त पुल की मरम्मत हेतु सेतु निगम द्वारा गठित डी0पी0आर0 रु0 529 .02 लाख की सुकृति प्रदान करने अथवा एन0एच0ए0आई0 आजमगढ़ को मार्ग / पुल को हस्तगत करने हेतु संबंधित कार्यवाही करने की मांग की। राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार माननीय गिरीश चंद यादव जी क्षतिग्रस्त पुल की मरम्मत के लिए प्रमुख सचिव लोक निर्माण , प्रमुख सचिव गृह से भी बात की जिसके कारण आज लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की एक टीम क्षतिग्रस्त पूल की जांच किया। जिसमें वी0 के0 श्रीवास्तव मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग, संजय कुमार गोरे अधीक्षण अभियंता ,एन0एच0ए0आई0 के अधिकारी गण मौजूद रहे। अब जल्द से जल्द पुल के मरम्मत का कार्य प्रारंभ होगा। उक्त आशय की जानकारी खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री गिरीश चंद यादव जी की मीडिया प्रभारी मनीष श्रीवास्तव ने दी और कहा कि शास्त्री पुल के समानांतर एक नए पुल का कंस्ट्रक्शन का बॉन्ड बन गया कंस्ट्रक्शन टीम भी अपना कार्य प्रारंभ करने की तैयारी कर रही है। शीघ्र ही काम प्रारंभ होगा।

# थानागद्दी में ड्रग इंस्पेक्टर की छापेमारी से दवा विक्रेताओं में मची अफरा तफरी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : केराकत कोतवाली क्षेत्र के थानागद्दी बाजार मे ड्रग इंस्पेक्टर की छापेमारी से दवा विक्रेताओं में अफरा तफरी मच गई।मेडिकल स्टोर के संचालक दुकान बन्दकर चाय पान की दुकान पर तफरी लेने लगे। आज बुधवार की शाम जौनपुर से आये औषधि निरीक्षक चंद्रेश द्विवेदी ने थानागद्दी में जिलाधिकारी के आदेश पर अभियान चलाकर नकली दवाओं और नशीली दवाओं को ध्यान में रखकर मेडिकल स्टोरों पर दवाओं के निरीक्षण के लिए छापेमारी की । स्टॉक एवं क्रय विक्रय रजिस्टर का जांच की। छापेमारी के दौरान कुछ मेडिकल स्टोर से जांच के लिए नमूने लिए गये। बंद मेडिकल स्टोर की फोटो भी लिया गया। मेडिकल स्टोर संचालको को साक्ष्यों के साथ साथ क्रय विक्रय का विवरण लेकर बुलाया गया है। औषधि निरीक्षक द्वारा छापेमारी से मेडिकल स्टोर संचालको में हड़कम्प मच गया था।

# 18 साल पुराने रास्ते के विवाद को एसडीएम ने सुलझाया

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : चंदवक पुरानी बाजार में सोनकर बस्ती के पास 18 साल से दो पक्षों के बीच चले आ रहे रास्ते के विवाद को एसडीएम ने हल्का लेखपाल के सहयोग से पुलिस बल की मौजूदगी में सुलझा दिया।लंबे समय से चले आ रहे विवाद के सुलझ जाने से दोनों पक्षों ने खुशी जताई है। चंदवक के पुरानी में 2003 से निजामुद्दीन व अलीहसन,मुस्तकीन ,मुस्तफा के बीच पुरानी घरोही व रास्ते को लेकर विवाद चला आ रहा था।अलीहसन व अन्य द्वारा निर्माण के दौरान विवाद होने की सूचना पर उपजिलाधिकारी मांज अख्तर हल्का लेखपाल सेवक राम व पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों की उपस्थिति में रास्ते का हल निकालते हुए सुलह समझौता करा दिया।साथ ही दोनों पक्षों को को सख्त हिदायत दिया कि किसी के निर्माण कार्य में कोई भी पक्ष हस्तक्षेप नहीं करेगा अन्यथा दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। जाते समय सोनकर बस्ती से कोटिया मार्ग तक कीचड़ ,दुर्गंध युक्त रास्ते को भी ग्रामीणों ने दिखाकर शिकायत की तो खंड विकास अधिकारी को लिखित शिकायत करने हेतु कहा और अतिशीघ्र रास्ते के निर्माण कराने का आश्वासन दिया।

# पीड़ित को क्षतिपूर्ति दिलवाना सबसे बड़ा पुण्य –ट्रिब्यूनल जज

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : आगामी लोक अदालत 12 नवंबर को आयोजित होगा राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए ट्रूअनल के जज भूदेव गौतम की अध्यक्षता में बुधवार को प्रीमीटिंग की गई। ट्रूअनल के जज ने कहा कि सड़क दुर्घटना में उजड़े परिवारों को त्वरित क्षतिपूर्ति दिलाना सर्वाधिक पुण्य का काम है।केवल मुकदमों से तय नहीं होता बल्कि मृतकों के बच्चों की फीस भरी जाती है, शादी व अन्य आवश्यकताएं पूरी होती हैं। उन्होंने कहा कि लोक अदालत में मुकदमा निबटाने पर पीड़ितों को एकमुश्त धनराशि मिलेगी।फिक्स डिपाजिट नहीं होगा। विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव विवेक विक्रम ने अधिवक्ताओं से लोक अदालत में अधिकतम मुकदमों के निस्तारण का आह्वान किया।पीठ के सदस्य अधिवक्ता हिमांशु श्रीवास्तव व राना प्रताप सिंह ने अधिवक्ताओं व वादकारियों का पक्ष रखते हुए बताया कि थानों से चार्जशीट न आने से लोक अदालत में कम मुकदमों का निस्तारण हो पाता है। अधिवक्ताओं ने मुकदमों की सूची दिया जिनमें चार्जशीट नहीं आई है।न्यायाधीश ने एसपी से वार्ता कर त्वरित कार्रवाई की बात कही।इस अवसर पर अधिवक्ता कृपाशंकर श्रीवास्तव,वीरेंद्र सिन्हा,सूर्य प्रकाश सिंह, निषाद,निलेश निषाद,अवधेश यादव,अरविंद अग्रहरि,निलेश यादव,सनी यादव,ईश्वर यादव,सोभनाथ यादव,जेसी पांडेय, आदि अधिवक्ता उपस्थित थे।

# कायस्थ समाज मे शोक सभा कर दिवंगत आत्मा को दिया श्रद्धांजलि

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : कायस्थ कल्याण समिति जौनपुर के ख्वाजा दोस्त स्थित समिति कार्यालय पर डा० अशोक अस्थाना की अध्यक्षता में श्रीमती ललिता श्रीवास्तव उपाध्यक्ष महिला शाखा,( पुत्र वधु प्रदीप कुमार श्रीवास्तव डीओ ०) राजेश श्रीवास्तव टिल्लन एव चित्रांश परिवार के



अन्य मृतक सदस्यों को श्रद्धान्जलि देने के लिए एक शोकसभा शोक सभा का आयोजन किया गया । शोक सभा में सभी संगठन के पदाधिकारी यथा अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रदेश सचिव / जिलाध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव ,अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय सचिव रवि , अध्यक्ष नीलमणि श्रीवास्तव महासचिव द्वय संजय अस्थाना एवं सुरेश अस्थाना संगत पंगत के जिला अध्यक्ष पंकज श्रीवास्तव हैप्पी ,प्रदेश सह संयोजक राजेश कुमार बच्चा भैया , सुलभ श्रीवास्तव तथा इंजीनियर आर डी श्रीवास्तव ,सुनील अस्थाना , प्रदीप कुमार अस्थाना संस्थापक सदस्य , संरक्षक प्रदीप कुमार श्रीवास्तव पप्पू जी ,उपाध्यक्ष दयाल शरण श्रीवास्तव , डा० रवि श्रीवास्तव, वरिष्ठ पत्रकार एवं उपाध्यक्ष संगत पंगत दीपक श्रीवास्तव '' दीपक'', विपनेश श्रीवास्तव , विनीत श्रीवास्तव आलोक रंजन सिन्हा, आलोक रंजन श्रीवास्तव , डा० राम मोहन अस्थाना , महिला अध्यक्ष डा०मधुलिका अस्थाना , सांस्कृतिक सचिव नूपुर श्रीवास्तव, राजेश किशोर श्रीवास्तव ,मनीष श्रीवास्तव, गिरवर अस्थाना, श्याम रतन श्रीवास्तव एंव अन्य गणमान्य लोगों ने सभा को संबोधित किया तथा अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की । कार्यक्रम के अंत में अध्यक्ष डा० अशोक अस्थाना ने सभी के निधन पर शोक व्यक्त किया तथा कहा कि समिति श्रीमती ललिता श्रीवास्तव एव अन्य के आकस्मिक निधन से मर्माहत् है तथा ईश्वर से प्रार्थना करता है कि उन्हें श्री चरणों में स्थान दे ! तत्पश्चात सभी सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखकर सभी को श्रद्धांजलि अर्पित की कार्यक्रम का संचालन संस्थापक सदस्य प्रदीप अस्थाना ने किया।

# उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने किया प्रेरणा बजट मैनेजमेंट सिस्टम पोर्टल का लोकार्पण

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। अन्त्योदय और सबका साथ–सबका विकास की लक्ष्यों के दृष्टिगत प्रधानमंत्री की प्रेरणा एवं मुख्यमंत्री , उत्तर प्रदेश के सतत मार्गदर्शन एवं कुशल नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा सभी 75 जनपदों के 826 विकास खण्डों में दीनदयाल अन्त्योदय योजना– राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (DAY-NRLM) प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप क्रियान्वन किया जा रहा है। सामाजिक, राजनैतिक, आर्थिक एवं अवसर की समानता का सुअवसर प्रदान करते हुए समूह की दीदियों को सम्मान, सशक्त, स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मिशन विगत वर्षो से सम्पूर्ण देश में नए नवाचारो अभिसरण गतिबिधि द्वार आजीविका संबर्धन, डिजिटल तकनीकी माध्यमो के प्रयोग द्वारा समावेशी कार्यक्रमों के माध्यम से अधिकतम सुशासन की दिशा में नए कीर्तिमान स्थापित करने की दिशा में अग्रसर है। मिशन निदेशक द्वारा सभी का स्वागत करते ही मिशन के प्रमुख घटकों में प्रगति एवं घटकों के बारे में बताया कि वर्तमान में मिशन अंतर्गत 70 लाख से अधिक ग्रामीण क्षेत्र के परिवार की महिलाओं को कुल 6.46 लाख स्वयं सहायता समूहों, 34512 ग्राम संगठनो एवं 1903 संकुल स्तरीय संघों से आच्छादित किया गया है। अभी तक कुल 5.12 लाख स्वयं सहायता समूहों को रिवॉल्विंग फण्ड (768 करोड़ रुपये), 2.97 लाख स्वयं सहायता समूहों को सामुदायिक निवेश निधि ( 3241 करोड़ रुपये) एवं बिभिन्न आजीविका गतिबिधियों को प्रोत्साहित करने हेतु बैंको द्वारा 2.53 लाख से अधिक स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों को 2537 करोड़ रुपये का ऋण कम व्याज पर सुनिश्चित करायी गयी है। प्रेरणा बजट मैनेजमेंट सिस्टम (PBMS) के माध्यम से राज्य, जनपद, ब्लाक एवं संकुल स्तरीय संघ स्तर पर बेहतर कार्य योजना का निर्माण, क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण किया जा सकेगा। इससे रियल टाइम सूक्ष्म स्तर तक का बजट का निर्धारण, लक्ष्य के सापेक्ष वित्तीय प्रगति का अनुश्रवण एवं राज्य, जनपद एवं विकास खंड स्तरीय अधिकारियों में वित्तीय अनुशासन की सुनिश्चितता संभव हो सकेगी। ऑनलाइन ट्रैकिंग के माध्यम से समबन्धित उत्तरदायिता, कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित होगी। प्रेरणा बजट मैनेजमेंट सिस्टम हमारी भुगतान प्रक्रिया को और आसान तथा पारदर्शी बनायेगा इससे कम समय में और सही से भुगतान किया जा सकेगा। इस सिस्टम से किस किस के पास कौन कौन सा भुगतान कितने दिनों से पेंडिंग है इसका भी यही से अनुश्रवण किया जा सकता है। ग्रामीण क्षेत्र में वित्तीय सेवाओं के माध्यम अंतर्गत एक ग्राम पंचायत एक बीसी सखी के अंतर्गत अभी तक 45603 बीसी सखी का प्रशिक्षण एवं प्रमाणीकरण किया जा चुका है जिसमे से 32654 बीसी सखी द्वारा कार्य प्रारम्भ किया जा चुका है। बीसी सखी द्वारा 5451 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि का लेन देन किया गया है तथा 15 करोड़ से अधिक का लाभांश अर्जित किया गया है। उप मुख्यमंत्री एवं मंत्री जी ग्राम्य विकास विभाग एवं समग्र ग्राम विकास उत्तर प्रदेश द्वारा मिशन के कार्यों की प्रशंशा करते संबोधन में कहा गया की प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से समूह की महिलाओं द्वारा प्रदेश के 43 जनपदों के 204 विकासखण्डों में पुष्टाहार उत्पादन एवं आगनवाड़ी केन्द्रों को वितरण कराने की प्रक्रिया समबन्धित कार्य किया जा रहा है। अभी तक 126 प्लांट स्थापित 88 प्लांट को FSSA लाइसेंस तथा 38 इकाइयों में उत्पादन का कार्य प्रारंभ हो चुका है जिसके लिए सम्पूर्ण मिशन परिवार एवं समूह की दीदियों को बहुत बहुत धन्यवाद। मिशन शक्ति अंतर्गत आजीविका मिशन एवं उत्तर प्रदेश पॉवर कारपोरेशन लिमिटेड के साथ अभिसरण के माध्यम से प्रदेश में पहली बार स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं विद्युत् सखी के रूप 15427 विद्युत् सखी का चयन, 9288 विद्युत् सखियों द्वारा 216 करोड़ रुपये का बिल कलेक्शन और 2.60 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि कमीशन के रूप में प्राप्त की गयी है।स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत आज मिशन एवं पंचायती राज विभाग से अभिसरण के माध्यम से प्रदेश की 54216 ग्राम पंचायतो में कम्युनिटी सैनिटेशन काम्प्लेक्स स्वयं सहायता समूह की दीदियों द्वारा संचालित किया जा रहा है। पंचायती राज विभाग द्वारा अभी तक 274 करोड़ से अधिक की धनराशि समूह की दीदियों को उपलब्ध कराई जा चुकी है। उल्लेखनीय है कि मिशन के सार्थक प्रयासों से मिशन निदेशक एवं उनकी टीम द्वारा आजीविका मिशन के अंतर्गत समूह की दीदियों द्वारा प्रदेश में सरकार की मंशा के अनरूप 2085 उचित दर की दुकान का संचालन एवं प्रबन्धन, 1.02 करोड़ मास्क निर्माण, 453 से अधिक आजीविका ग्रामीण एक्सप्रेस योजना अंतर्गत वाहनों का संचालन, 8.8 लाख से अधिक महिला कृषको का प्रशिक्षण, 1.51 करोड़ स्कूल ड्रेस निर्माण, 61050 समूहों द्वारा 164177 आगनवाडी केन्द्रों पर ड्राई राशन की उपलब्धता का कार्य, स्टार्टअप विलेज इंटर प्रयूनेरशिप प्रोग्राम के अंतर्गत कुल 16903 लघु उधमियों को लाभान्वित किया गया है। प्रधानमंत्री जी के वैश्विक मंच पर स्वच्छ एवं सतत उर्जा को प्रोत्साहित करने की दिशा में 28 लाख सोलर स्टडी लैम्प का वितरण एवं प्रेरणा ओजस कार्यक्रम अंतर्गत 30 जनपदों के 2225 महिला सदस्यों को सोलर लैप बनाने, तथा 89 असेम्बलिंग इकाई की स्थपाना के द्वारा 1000 सोलर शॉप के माध्यम विक्री किये जाने की प्रक्रिया तीव्र गति से अग्रसर है। प्रधानमंत्री जी एवं मुख्यमंत्री जी की सतत प्रेरणा से 43.58 करोड़ की धनराशि से डेयरी वेल्यू चौन (दुग्ध मूल्य श्रृंखला) के अंतर्गत बुंदेलखंड क्षेत्र में बलिनी मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी'' द्वारा 40730 शेयर होल्डर्स द्वारा प्रतिदिन 1.22 लाख लीटर दुग्ध संग्रहण, अब तक 260 करोड़ रुपये का कारोबार एवं 13.34 करोड़ रुपये का लाभांश अर्जित किया है। ''बलिनी मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी की तर्ज पर पूर्वाचल क्षेत्र के 05 जनपदों में क्रमशः बलिया, गाजीपुर, सोनभद्र, मिर्जापुर एवं चन्दौली में ''काशी मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी का गठन किया गया है। अगले 03 वर्ष में 35000 महिला किसान को जोड़ा जायेगा। अभी तक कंपनी के 2000 महिला सदस्य बन चुके है एवं 50 गाँव में प्रतिदिन 4500 लीटर दुग्ध का संग्रह किया जा रहा है। प्रदेश सरकार की दूरगामी रणनीति के अंतर्गत मातृशक्ति को सम्मान, सुरक्षा एवं एवं उनकी पहचान तथा विकास में भागीदारी के दृष्टिगत महिला सामर्थ्य योजना अंतर्गत प्रदेश के 15 जनपदों में 200 करोड़ रुपये की परियोजना स्वीकृत किया जा चूका है। बुंदेलखंड क्षेत्र में ''झलकारी बाई महिला किसान प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड का गठन करते हुए परियोजना के अंतर्गत जनपद झाँसी एवं महोबा में दलहन, मूंगफली के मूल्य श्रृंखला संवर्धन का कार्य किया जा रहा है। परियोजना के अंतर्गत 7 विकास खण्डों के कुल 17406 महिलाओं को इस परियोजना से जोड़ा जाना है। सरकार द्वारा 18.36 करोड़ रुपये का अनुदान स्वीकृत, अभी तक कुल 3200 महिलाओं को जोड़ा जा चुका है। 4500 कुंतल चना एवं सफेद मटर की खरीद की जा चुकी है। ''बदायूनी महिला किसान प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड' अंतर्गत जनपद बदायूँ में धान, गेहूँ एवं मैथा के मूल्य श्रृंखला संवर्धन हेतु इस कंपनी का गठन किया गया है। परियोजना अंतर्गत 5 विकास खण्डों के कुल 14275 महिलाओं को इस परियोजना से जोड़कर महिला किसानों से फसल की खरीद मूल्य संवर्धन एवं विक्रय का कार्य करने हेतु प्रदेश सरकार द्वारा 16.36 करोड़ का अनुदान स्वीकृत किया जा चूका है। अभी तक 1600 महिला सदस्य शेयर धारक है एवं 10 संग्रह केंद्र स्थापित किये जा चुके है। ''जरकला हस्तशिल्प महिला प्रोड्यूसर कम्पनी'' के अंतर्गत जनपद बदायूँ में जरी जरदोजी हस्तशिल्प से जुड़ी महिला कारीगरों के विकास हेतु हस्तशिल्प उत्पादक कंपनी के गठन कारीगरों की उत्पादन, गुणात्मक एवं मार्केटिंग के क्षेत्र कार्य द्वारा सलारपुर विकास खण्ड की कुल 528 महिलाओं को इस परियोजना से जोड़ा जाना है परियोजना में सरकार द्वारा 6.71 करोड़ रुपये का अनुदान स्वीकृत किया है। वर्तमान में 100 कारीगर को कंपनी से जोड़ा जा चुका है। आज प्रेरणा बजट मैनेजमेंट सिस्टम (PBMS) सॉफ्टवेयर के लोकार्पण के अवसर पर लोक कल्याण संकल्प पत्र के अनुसार आम जनमानस के हितार्थ प्रधानमंत्री जी के सपनो को साकार करने की दिशा में मिशन द्वारा अपनी गतिबिधियों में डिजिटल प्लेटफार्म के माध्यम से संचालित गतिबिधियों का दिन प्रति दिन क्रियान्वयन का कार्य किया जा रहा है जिसके लिए मिशन निदेशक एवं उनकी टीम को सभी स्तर पर ऑनलाइन माध्यमो के सॉफ्टवेयर विकसित किये जाने में विशेष सक्रिय प्रयासों के लिए साधुवाद। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा आई सी आई सी आई बैंक के तकनीकी सहयोग से विकसित किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य मिशन अंतर्गत संचालित विभिन्न गतिबिधियो के क्रियान्वयन हेतु विभिन्न मद में दिया जाने वाले फण्ड का रियल टाइम अनुश्रवण किया जा सकेगा और इसको पी फ म एस से लिंक किया जायेगा जिससे की पैसा सीधे समूह / ग्राम संगठन अथवा संकुल स्तरीय संघ के खाते में चला जायेगा। इससे किस जनपद में कौन से हेड में भुगतान शेष है अथवा किस जनपद के पास फण्ड उपलब्ध नहीं है इसका विवरण यही मुख्यालय से बैठ के देखा जा सकता है। अभी तक पूर्व में जो भी प्रक्रिया थी उसमे सभी भौतिक संलग्नक जनपद के पास ही रहते थे परन्तु इस नए सिस्टम से सभी संलग्नक डिजिटल रूप से पोर्टल पर अपलोड होंगे उसके बाद ही भुगतान की प्रक्रिया प्रारंभ की जा सकेगी। वित्तीय गतिविधियो को त्वरित, सुगम एवं पारदर्शी बनाने की दिशा में ऑनलाइन पोर्टल प्रेरणा बजट मैनेजमेंट सिस्टम (PBMS) के लोकार्पण के अवसर मिशन परिवार से जुड़े 70 लाख ग्रामीण परिवारों की महिला समूह की दीदियों को उनके प्रदेश की खुशहाली एवं अनवरत सतत विकास में अमूल्य योगदान के लिए मिशन निदेशक एवं सभी राज्य जनपद, विकास खंड अधिकारी, स्टाफ को उनके अमूल्य योगदान के लिए धन्यवाद एवं हार्दिक आभार प्रकट करता हूँ। सुशासन की अवधारणा के अनुरूप ऑनलाइन गतिविधियो के प्रोत्साहन से मिशन के निर्धारित लक्ष्यों की दिशा में सामाजिक, वित्तीय, राजनैतिक समावेशी सुशासन की दिशा में महिला सदस्यों की विकास कार्यों में सहभागिता सुनिश्चित किया जा सकेगा। मिशन के स्टाफ की कार्यों में प्रभावशीलता एवं दक्षता में वृद्धि हो सकेगी तथा किये जा रहे कार्यों की निष्पक्ष आंकलन एवं मूल्यांकन में सार्थक भूमिका का निर्वहन सुनिश्चित किया जायेगा राज्य, जनपद एवं विकास खंड स्तरीय अधिकारियो द्वारा बेहतर अनुश्रवण के आधार पर बिभिन्न थीमेटिक गतिबिधियो की प्रगति की समीक्षा, नेतृत्व, क्षमता का आकलन, त्वरित निर्णय लेने में सहयोग एवं स्टाफ के द्वारा निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष उपलब्धि एवं उनके कार्यों का बेहतर आंकलन किया जा सकेगा। अंत में प्रेरणा बजट मैनेजमेंट सिस्टम (PBMS) विकसित किये जाने हेतु मिशन निदेशक एवं उनकी राज्य स्तरीय टीम, आई सीआईसीआई बैंक के अधिकारी, उपायुक्त स्वत रोजगार को ऑनलाइन माध्यम से प्रेरणा बजट मैनेजमेंट सिस्टम (PBMS) द्वारा वित्तीय गतिविधियों का प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप सुशासन के सिद्धांतो को सुचारू ढंग से क्रियान्वयन संचालन एवं प्रबन्धन में विकसित किये ऑनलाइन सॉफ्टवेयर हेतु बहुत बहुत धन्यबाद एवं आशा करता हूँ कि मिशन समय समय पर बदलती हुयी वैश्विक एवं स्थानीय आवश्यकताओं के अनुसार नए तकनीकी नवाचारों के साथ साथ महिला सम्मान, आत्मविश्वास, नेतृत्व एवं उनके स्वावलंबन की दिशा में आगे बढ़ेगा। कार्यक्रम के अंत में संयुक्त मिशन निदेशक द्वारा उप मुख्यमंत्री एवं मंत्री जी ग्राम्य विकास विभाग एवं समग्र ग्राम विकास उत्तर प्रदेश एवं उपस्थित ICICI बैंक के प्रतिनिधि प्रिंट एवं इलेक्ट्रोनिक मिडियाकर्मियों, उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के प्रदेश जनपद एवं विकासखंड स्तरीय अधिकारी समर्पित प्रोफेशनल स्टाफ आदि को उनके गरिमामयी उपस्तिथि तथा प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप किये गए प्रयासों का हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया। प्रमुख सचिव हिमांशु कुमार,आयुक्त ग्राम्य विकास–जी एस प्रियदर्शी,मिशन निदेशक भानु चंद्र गोस्वामी सहित तमाम अधिकारी उपस्थित रहे।

# चौदह कोसी परिक्रमा में श्रद्धालुओं के लिए दाना पानी सेवा संस्थान ने लगाया निःशुल्क चिकित्सा शिविर

अयोध्या(जिला संवाददाता) सुरेंद्र कुमार। अयोध्या प्रभु श्री राम नगरी में आयोजित हो रही चौदह कोसी परिक्रमा में देश के कोने कोने से श्रद्धालु शामिल होते हैं। इन श्रद्धालुओं के लिए दाना पानी सेवा संस्थान पिछले कई वर्षों से निःशुल्क चिकित्सा शिविर एवं निशुल्क चाय आयोजित कर श्रद्धालुओं की सेवा करती आ रही है। इस वर्ष भी दाना पानी सेवा संस्थान अपनी सहयोगी श्याम लाल साहू एवं वरिष्ठ भाजपा नेता एवं समस्त समसुद्दीन पुर ग्रामवासी व मित्रगण के सहयोग से निःशुल्क चिकित्सा शिविर समसुद्दीनपुर में आयोजित किया। दाना पानी सेवा संस्थान के संस्थापक कुलभूषण साहू ने बताया कि शिविर में श्रद्धालुओं की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की जा रही और अस्वस्थ श्रद्धालुओं को निःशुल्क दवा और चिकित्सीय सेवा प्रदान की गई। निःशुल्क स्वास्थ्य जांच के अतिरिक्त शिविर में श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क जलपान की व्यवस्था भी की जाएगी और बताया कि विगत वर्षों की तरह दाना पानी सेवा संस्थान की




सहयोगी चिकित्सकों की टीम शिविर में अपनी निःशुल्क सेवाए प्रदान करेगी। कुलभूषण साहू ने कहा जिला एवं महानगर के सभी पदाधिकारियों से चौदह कोसी परिक्रमा यात्रा में लगने वाले सेवा कैंप में सेवा भाव से जुड़ने का आह्वान किया।

## अयोध्या में 14 कोसी परिक्रमा के दौरान हादसा : पांच महिलाएं घायल

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) राम नगरी अयोध्या में चल रही 14 कोसी परिक्रमा के दौरान बहराइच से आए श्रद्धालु भीषण हादसे का शिकार हो गए हैं।जिसमें पांच महिलाएं घायल हो गई।जिसमें एक महिला को गंभीरावस्था चिकित्सकों ने ट्रामा सेंटर लखनऊ के रिफर कर दिया। दरअसल अयोध्या राम घाट क्षेत्र स्थित हनुमान गुफा के पास श्रद्धालुओं की भारी दबाव के कारण लगभग एक दर्जन श्रद्धालु फस गए।भीड़ की दबाव के दौरान आधा दर्जन श्रद्धालु गंभीर घायल हुए जिन्हें अयोध्या के श्री राम अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है तो वहीं एक श्रद्धालु की गंभीर हालत को देखते हुए लखनऊ रेफर कर दिया गया। फिलहाल इस पूरे घटना को लेकर जिला प्रशासन कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है। अयोध्या में बीती रात शुरू हुई 14 कोसी परिक्रमा में हनुमान गुफा के पास भीड़ के दबाव के कारण आधा दर्जनों घायल पांच गंभीर प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती रात 12:48 से चालू हुए 14 कोसी परिक्रमा ने हनुमान गुफा में अचानक भीड़ के दबाव के कारण अफरा तफरी मच गई जिसके चलते लगभग आधा दर्जन लोग घायल हो गए कुछ घायलों को श्री राम अस्पताल अयोध्या ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनको घर भेज दिया गया एवं गंभीर रूप से घायल 5 महिलाओं को जिला चिकित्सालय भेजा गया जिसमें एक की हालत गंभीर होने के कारण लखनऊ रेफर कर दिया गया है। वही घायलों में बिट्टी पत्नी साधु राम अवस्थी आयु 70 वर्ष निवासी किशनगंज जिला बहराइच रामादेवी पत्नी आज्ञाराम त्रिवेदी आयु 70 वर्ष निवासी न तोहरा बहराइच कीर्ति कुमारी पत्नी राम नरेश मिश्रा आयु 40 वर्ष निवासी पखरपुर जिला बहराइच कल्याना पत्नी रामकेवल आयु 60 वर्ष निवासी रामापुर थाना फखरपुर जिला बहराइच सावित्री पत्नी सुंदरलाल आयु



60 वर्ष निवासी नव सहरा जनपद बहराइच भीड़ के दबाब के कारण घायल हो गए जिन्हें एंबुलेंस के द्वारा उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया जहां घायलों को इलाज के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया घायल सावित्री की हालत गंभीर देखते हुए लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया है अन्य चार महिलाओं का उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है।परिक्रमा में हादसे का शिकार रामादेवी ने आपबीती बताते हुए कहा कि परिक्रमा के दरमियान पीछे से भीड़ का दबाव बना हम पांच महिलाएं थे गिर पड़े परिक्रमा कर रहे हैं लोग हम लोगों के ऊपर से गुजर गए प्रत्यक्षदर्शी रामादेवी ने कहा कि जिसके बाद स्थानीय लोगों ने हम लोगों को बचाया रामादेवी के मुताबिक लगभग रात्रि 1:00 बजे किया घटना है हम लोगों के बीच में घायल एक महिला गंभीर रूप से घायल थी जिसे लखनऊ रेफर किया गया है।इस घटना की शिकार दूसरी महिला कीर्ति ने बताया कि पुलिस ने भीड़ को रोका था पीछे से भीड़ का दबाव आया जिसके बाद हम लोग गिर पड़े और हम लोगों के ऊपर से लोग चढ़ते हुए चले गए पीड़ित महिला ने कहा कि हम लोगों ने अपनी जान बचाने के लिए बहुत गुहार लगाई लेकिन जब लगा कि अब कुछ नहीं कर सकते तब शरीर से आवाज निकलना भी बंद हो गई।

# जमीनी विवाद की अदावत में पट्टीदारों में हुआ खूनी संघर्ष : बुजुर्ग की पीट कर हुई हत्त्या

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) हैदरगंज थाना क्षेत्र के जाना बाजार लौटनपुरवा में पुराने भूमि विवाद में मंगलवार की रात एक पक्ष के लोगों ने एकजुट होकर दूसरे पक्ष के घर में घुस परिवार पर हमला बोल अधेड़ को घायल कर दिया। जिसमें गंभीर रूप से घायल की इलाज के दौरान मौत हो गई जबकि मृतक की पत्नी व बेटी को दर्शननगर स्थित मेडिकल कॉलेज के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में लिया है। घटना को लेकर गांव में दोनों पक्षों के लोगों में तनाव को देखते हुये मौके पर पुलिस बल तैनात किया गया है। मुकामी पुलिस का कहना है कि तहरीर न मिलने के कारण अभी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई है। बताया गया कि हैदरगंज थाना क्षेत्र के जाना बाजार लौटनलाल का पुरवा में भूमि विवाद को लेकर एक पक्ष के कुछ लोगों ने मंगलवार की रात राम नारायन के घर में घुस हमला बोल दिया और लाठी डंडों से रामनारायन और उसकी पत्नी सोना व पुत्री रेखा को बुरी तरह से मारपीट कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया था। जिसमें तीनों बुरी तरह चोटिल हो गये थे। आनन दृ फानन में घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज के दौरान गृहस्वामी राम नारायन की मौत हो गई। जबकि मृतक की पत्नी व पुत्री की हालत गम्भीर देखते हुए दर्शननगर मेडिकल कॉलेज के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। बुधवार सुबह जानकारी होने पर पहुंची हैदरगंज पुलिस ने गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखते हुए पुलिस फोर्स तैनात कर दी है।प्रभारी निरीक्षक हैदरगंज अशोक कुमार यादव ने बताया है कि वे अभी परिक्रमा ड्यूटी पर है। घटना की जानकारी मिली है एक आरोपी को हिरासत में लिया गया है। तहरीर मिलते ही मुकदमा दर्ज किया जायेगा।

## चालिस से इक्तालिस लाख लोगो ने की परिक्रमा— डीएम

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) आयुक्त नवदीप रिणवा, जिलाधिकारी नितीश कुमार, डीआईजी अमरेंद्र प्रसाद सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा ने संयुक्त रूप से 14 कोसी परिक्रमा में तैनात सभी जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, अधिकारी गण व पुलिस बल को परिक्रमा को शांतिपूर्ण ढंग से सफल होने पर आभार व्यक्त किया। जिलाधिकारी श्री नितीश कुमार ने बताया कि आज रात लगभग 10:30 तक लगभग 40 से 41 लाख श्रद्धालु परिक्रमा करने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को विभिन्न सुविधाएं सुगमता से उपलब्ध कराए जाने के दृष्टिगत स्थापित राहत कैम्पों, मेडिकल कैंपों सहित शुद्ध पेयजल, शौचालय आदि व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया तथा वहां पर तैनात मजिस्ट्रेट, अधिकारी एवं कर्मचारियों के ड्यूटी पॉइंट्स को चेक कर सम्बंधित मजिस्ट्रेट्स/अधिकारियों, कर्मचारियों को परिक्रमा को सकुशल कराए जाने के दृष्टिगत अपने अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करने, विशेष सतर्कता बरतने तथा परिक्रमार्थियों को बेहतर से बेहतर सुविधाएं सुगमता से उपलब्ध कराए जाने के संबंध में आवश्यकद दिशादृनिर्देश दिये। इसी तरह पंचकोसी परिक्रमा को सभी अधिकारीगण पुलिस बल अपने ड्यूटी क्षेत्र में तैनात रहकर पंचकोसी परिक्रमा को भी सफल बनाएंगे। जिला प्रशासन ने 14 कोसी परिक्रमा सफल होने पर अयोध्या में बनाए गए कंट्रोल रूम व मीडिया बंधुओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

# एकेटीयू में खंगाली गई विनय पाठक की कुंडली : छह साल के कार्यकाल की नियुक्ति व योजना एवं खरीद की ली जानकारी

लखनऊ छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक की मुश्किलें कम होती नहीं दिख रही हैं। कमीशनखोरी के मामले में दर्ज एफआईआर के बाद आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा के बाद एसटीएफ की टीम बुधवार को लखनऊ के डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विवि (एकेटीयू) पहुंची और प्रो. पाठक के यहां कुलपति के पूरे छह साल के कार्यकाल (04 अगस्त, 2015—02 अगस्त 2021) की कुंडली खंगाली। एसटीएफ ने कुलपति, कुलसचिव, वित्त अधिकारी व कुछ अन्य अधिकारियों से एक—एक कर बंद कमरे में मुलाकात की और प्रो. पाठक के कार्यकाल के दौरान हुई नियुक्तियों, योजनाओं, खरीद आदि की जानकारी जुटाई। जांच एजेंसी कुछ दस्तावेज भी अपने साथ ले गई है। साथ ही कुछ लोगों के बारे एकेटीयू प्रशासन से विस्तृत जानकारी भी मांगी है। एसटीएफ ने प्रशासन से यह जानने का प्रयास किया कि प्रो. पाठक के कार्यकाल के दौरान किन लोगों की टीचिंग व नॉन टीचिंग में नियुक्तियां हुई। कहीं नियुक्ति प्रक्रिया में किसी तरह की खामी तो नहीं हुई। इसी तरह उनके कार्यकाल में राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेजों के बहुमुखी इंफ्रास्ट्रक्चरल डेवलपमेंट के लिए शुरू की गई 200 करोड़ की दीनदयाल उपाध्याय गुणवत्ता सुधार योजना (डीडीक्यूआईपी) से हुए काम व किस—किस फर्म को काम दिया गया, किसे कितना भुगतान हुआ, आदि के बारे में भी जानकारी ली गई। उससे जुड़े कुछ दस्तावेज भी मांगे गए। जांच एजेंसी ने प्रो. पाठक के कार्यकाल में हुई खरीद किन—किन फर्मों



से, कितनी और क्या—क्या हुई है, इसके बारे में भी काफी बारीकी जानकारी लेने का प्रयास किया। उनके कार्यकाल में हुए निर्माण आदि से जुड़ी जानकारी भी ली। इन सबसे जुड़े दस्तावेज को लेकर विश्वविद्यालय अधिकारियों ने कहा कि लिखित पत्राचार में इससे जुड़ी जानकारी दी जाएगी। अजय मिश्रा से लिंक भी जोड़ने का प्रयास एसटीएफ प्रो. पाठक व एक्सएलआईसीटी कंपनी के मालिक अजय मिश्रा के खिलाफ इंदिरानगर थाने में दर्ज केस के बाद दोनों के लिंक भी जोड़ने का प्रयास कर रही है। क्योंकि डिजीटेक्स टेक्नोलॉजीजी इंडिया प्रा.लि. के एमडी डेविड मारियो डेनिस के हटने के बाद अजय की कंपनी ने एकेटीयू में भी परीक्षा से जुड़ा काम शुरू किया था। पूर्व में वह कॉपियों की स्कैनिंग, डाक्यूमेंट स्कैनिंग, ओएमआर सप्लाई आदि का काम करती थी। वर्तमान में भी अजय की कंपनी परीक्षा से जुड़े काम करने वाली एजेंसी को मैन पावर सप्लाई करने का काम कर रही है। एसटीएफ इस गठगोड़ को भी खंगालने का काम कर रही है।

# ग्राम प्रधानों के लिए कामधेनु बनी मनरेगा : भ्रष्टाचार की गिरफ्त मे सरकारी तंत्र

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) रोजगार की तलाश मे ग्रामो से शहरों मे हों रहे पलायन को रोकने के उद्देश्य से महात्मा गाँधी रोजगार गारंटी योजना के माध्यम से उनके ही ग्राम मे रोजगार देने की केंद्र सरकार की योजना के क्रियान्वयन पर वर्तमान तंत्र फेल दिख रहा है।ग्राम पंचायतो मे मची लूट मे ग्राम प्रधान से लेकर रोजगार सेवक,सेक्रेटरी सहित ब्लॉक कर्मचारी भी शामिल हैं।ताजा मामला रुदौली बिकास खंड के जखौली ग्राम का हैं जहाँ पालपुर माइनर पटरी पर भूमि बिकास कार्य(पटाई)के नाम पर 4 अलग अलग इस्टीमेट बनाकर कुल 7 लाख 53 हजार 138 रूपया निकाल लिया गया हैं। प्राप्त बिवरण के अनुसार गिरीश दत्त पुरवा से टिंकी रावत के खेत तक भूमि बिकास कार्य 2 लाख 27 हजार 6 सौ 76 रूपया,राजेंद्र वर्मा के खेत से खुर्दहा सरहद तक भूमि बिकास कार्य 1 लाख 34 हजार 5 सौ 32 रुपया,सतीश वर्मा के खेत से खेदीपुर सरहद तक भूमि बिकास कार्य 2 लाख 47 हजार 7 सौ 22 रुपया और मेडीलाल के खेत से पीएम रोड तक भूमि बिकास कार्य के नाम पर 1 लाख 43 हजार 2 सौ 8 रुपया का भुगतान किया गया हैं।आरोप है कि ज्यादातर स्थानों पर घास छिलाई भी नहीं की गयी हैं।उपलब्ध मास्टर रोल और हुए भुगतान के अनुसार सड़को की पटाई का कार्य जनवरी से अप्रैल के मध्य दिखाया गया है उस समय माइनर नहर की उत्तरी पटरी पर अधिकतर खेतो मे गेहूं की फसल लगी थी।जहाँ कही मिट्टी खुदाई के निशान दिखाई नहीं देते है तथा दूसरी ओर माइनर है जिसकी लिखित शिकायत मुख्यमंत्री से लेकर जिले के अधिकारियो से ग्रामवासी दिनेश कुमार मौर्या ने की है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि ग्राम प्रधान सुमित्रा देवी चौरसिया ने सांठगाठ कर ऐसे लोगो के खातों पर मनरेगा की मजदूरी भेजी है जिन्होंने कभी मजदूरी नहीं की है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि मामले की जाँच करने गए देवेन्द्र शाही ने मो0 न0 8318136804 से फोन करके बुलाया और फटकारा व धमकाया और कहा कि अब इस प्रकरण की शिकायत मत करना अन्यथा अंजाम बुरा होगा।इस सम्बंध में जब देवेन्द्र शाही से बात की गई तो उन्होंने शिकायतकर्ता के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए बताया कि शिकायतकर्ता ने जाँच में सहयोग नहीं किया।

# हिन्दू महासभा ने चौदह कोसी परिक्रमा में श्रद्धालुओं के लिए लगाया निःशुल्क चिकित्सा शिविर

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) रामनगरी में आज आयोजित चौदह कोसी परिक्रमा में देश के कोने कोने से श्रद्धालु शामिल हुए। इन श्रद्धालुओं के लिए अखिल भारत हिन्दू महासभा पिछले 33 वर्षों से निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित करती आ रही है। इस वर्ष भी हिन्दू महासभा अपनी सहयोगी संस्थाओं के सहयोग से 34 वां निःशुल्क चिकित्सा शिविर ककरही बाजार में आयोजित किया। हिन्दू महासभा उत्तर प्रदेश के मंत्री अधिवक्ता राकेश दत्त मिश्र ने बताया कि शिविर में श्रद्धालुओं की निःशुल्क स्वास्थ्य की जांच की गई और अस्वस्थ श्रद्धालुओं को निःशुल्क दवा और चिकित्सीय सेवा प्रदान किया गया। निःशुल्क स्वास्थ्य जांच के अतिरिक्त शिविर में श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क जलपान की व्यवस्था भी की गई। प्रदेश मंत्री राकेश दत्त मिश्र के अनुसार विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी बाबा हॉस्पिटल मछली मंडी नियांवा के संचालक डॉक्टर राजेश वर्मा, डाक्टर अनिल वर्मा, परिहार मेडिकल स्टोर और उनके अस्पताल के चिकित्सकों की टीम शिविर में अपनी निःशुल्क सेवाए प्रदान की। हिन्दू महासभा के प्रदेश मंत्री अधिवक्ता राकेश दत्त मिश्र ने बताया कि चौदह कोसी परिक्रमा यात्रा में लगने वाले चिकित्सा शिविर में हिंदू महासभा के जिला अध्यक्ष रामधन निषाद,जिला उपाध्यक्ष राहुल निषाद फौजी, एडवोकेट विनोद कुमार निषाद, जिला मंत्री मुकेश निषाद रेड्डी, जिला महामंत्री रेनू सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष हिन्दू महिला सभा रजनी सिंह, अन्नपूर्णा पांडेय, मंगल पांडेय, डॉक्टर सुनील वर्मा, उमेश प्रताप सिंह आदि लोग उपस्थित रहे और श्रद्धालुओं की सेवा किए।

# फल पट्टी क्षेत्र में प्रापर्टी डीलरो को खुश करने हेतु अधिकारियों ने रुचि दिखाई

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) सोहावल फल पट्टी क्षेत्र में प्रापर्टी डीलरो को खुश करने और अवैध रूप से धन उगाही करने का कार्य तेज पकड़ रहा है। इसका नतीजा यह है कि प्रापर्टी डीलर जब भी चाहते है और जिस भी जगहों पर चाहते है हरा पेड़ कटवा करके प्लाइटिंग करवा लेते है। इस प्रकार का धंधा छेत्र के दर्जनों जगहों पर देखने को मिलता है। इस कार्य में वन विभाग की मिलीभगत से वन विभाग को कथित रूप से नजराना देकर हरे पेड़ काटे जा रहे है। लोगो का कहना है कि वन विभाग और प्रापर्टी डीलरो की मिली भगत करके जगह जगह प्लाटिंग करके हरे पेड़ काटे गए हैं। लोगो का कहना कि इस दौरान हरे पेड़ को काटने की विभाग द्वारा अनुमति जितने हरे पेड़ काटने की वन विभाग द्वारा कथित रूप से नजराना लेकर हरे पेड़ काटने की अनुमति देता है उससे अधिक पेड़ प्रापर्टी डीलरो द्वारा काटे जा रहे है। इसके कारण लोगो में गहरा आक्रोश व्याप्त है। लोगो का कहना है कि वन विभाग की इच्छानुसार हरे पेड़ काटे जा रहे है जिसके कारण फल पट्टी क्षेत्र सोहावल का अस्तित्व पर बदहाली का साया पड़ता जा रहा है। लगातार आम के बागों की कटाई करके प्रॉपर्टी डीलर प्लाटिंग करते जा रहे है और वन विभाग के जिम्मेदार अधिकारी कुंडली मारे बैठे हुए है। भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश सचिव फरीद अहमद ने आरोप लगाया है कि वन विभाग और प्रापर्टी डीलर की मिलीभगत से प्रतिबंधित हरे पेड़ को काटने के कार्य में इजाफा हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया है कि अगर किसान को यदि एक पेड़ काटना हो तो प्रक्रिया में काफी समय लग जाता है। लेकिन प्रापर्टी डीलर जब भी चाहते है उन्हे कम पेड़ काटने की अनुमति दी जाती है और अधिक पेड़ काटे जाते है। यह स्थिति क्षेत्र के एक दो जगहों पर नहीं बल्कि सोहावल छेत्र के दर्जनों जगहों पर देखी जा सकती है। उन्होंने आरोप लगाया कि पहले प्रापर्टी डीलर जमीन की प्लाटिंग करते है और फिर रातों—रात हरे पेड़ काट कर गायब कर दिए जाते है। यह खेल काफी समय से चल रहा है। सोहावल चिर्रा जगनपुर रौनाही कटरा बेनीपुर सोहावल सुचित्तागंज लखोरी मोहम्मदपुर आदि समेत अन्य दर्जनों जगहों पर हुई प्लाटिंग में यह सब आसानी से देखा जा सकता है।

## एसडीएम ने धान क्रय केंद्रों का किया निरीक्षण

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) शासन के निर्देशानुसार प्रदेश में सरकारी क्रय केंद्रो पर धान की 1 नवम्बर से खरीद शुरू हो रही है।क्रय केंद्रों की धान खरीद की तैयारी को लेकर उप—जिलाधिकारी सोहावल मनोज कुमार ने निरीक्षण किया। उप—जिला अधिकारी ने बताया कि तहसील क्षेत्र में पड़ने वाली आर एफ सी मार्केटिंग कटरौली ,पी सी एफ कोट सराय तथा किसान सेवा केंद्र खिरौनी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में क्रय केंद्रों पर धान खरीद की सारी व्यवस्थाएं सही पाई गयी स केंद्र प्रभारी अपने सहयोगियों के साथ केंद्र पर मौजूद मिले।धान खरीद का आज पहला दिन था। क्रय केंद्रों पर निरीक्षण के समय तक कोई किसान अपना धान लेकर नहीं पहुंचा था। केंद्र प्रभारियों को निर्देश दिया है कि धान खरीद में किसानों को सारी सुविधाएं उपलब्ध करायी जाय।जिससे उनको धान बेचने में कोई दिक्कत न होने पाये।

## संत मरते नही अमर हो जाते है —साई नितिन राम

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) संत मरते नही, अमर हो जाते है यह उदगार संत सतराम दास दरबार के साई नितिन राम ने 83वे अमर शहीद संत कंवर राम के बलिदान दिवस के अवसर पर दरबार मे बीती मंगलवार की रात ''एक शाम कंवरराम के नाम'' आयोजित कार्यक्रम मे कही उन्होंने कहा कि एक नवंबर 1939 सिंध प्रांत की रूक स्टेशन पर जब कंवर राम को आतंकियों ने गोली मारी तो उनके मुंख से अंतिम शब्द हे राम निकला और उन्होंने रात्रि दस बजे प्राण त्याग दिए ठीक रात्रि दस बजे इस दिन पूरे देश का सिंधी समाज जहा भी मौजूद रहता है वही पर श्रद्धांजलि देता है शिवालय परिवार द्वारा आयोजित कंवर राम गेट पर कंवर राम के चित्र पर हनुमान गढ़ी के महंत रामदास व शिवालय परिवार के महंत गणेश दास ने माल्यार्पण कर दीप जलाए और नमन किया इस मौके पर मौजूद लोगों ने सैकड़ों दीप व कैंडील जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की बीच मैदान स्थित प्रभु झुलेलाल मंच पर सिंधु सेवा समिति के अध्यक्ष मोहन मध्यान की अगुवाई में कंवर राम के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर और कैंडील जलाकर याद किया व संत कंवर राम अमर रहे का उदघोष लगाये उत्तर प्रदेश सिंधी युवा समाज के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश ओमी ने कहा कि योगी सरकार को संत कंवर राम का इतिहास सरकारी पाठ्यक्रम में शामिल करना चाहिए इसके लिए समाज की सभी पंचायतों के मुखिया व सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं के पदाधिकारी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर भेजेंगे बलिदान दिवस कार्यक्रम में सिंधी सेंट्रल पंचायत के अध्यक्ष ओमप्रकाश अंदानी,भक्त प्रहलाद सेवा समिति के अध्यक्ष कन्हैया लाल सागर के अलावा भीमन दास,देव कुमार, ईश्वर लखमानी, सुरेश पंजवानी, मुस्कान सावलानी,किरन पंजवानी, माला खत्री, हरीश सावलानी, ओम मोटवानी, धर्म पाल, राजकुमार मोटवानी,वेद प्रकाश राजपाल, नवलराम, कैलाश साधवानी,सौरभ लखमानी, कपिल हासानी,भजन कालाणी,ओमप्रकाश केवलरामानी, हरीश मनध्यान,भजन कालाणी, बलदेव आडवाणी, सुखदेव रावलानी, पुरुषोत्तम दासवानी, अशोक आडवाणी, बलदेव आडवाणी, सुंदर दास, संजय खिलवानी आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

## भरतकुंड महोत्सव का भव्य द्वित्तीय दिवस

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) महात्मा भरत जी की पावन तपस्थली भरत कुंड पर 24 वें भरत कुंड महोत्सव के द्वितीय दिवस आज बालक बालिकाओं की विशाल कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बालक वर्ग में बल्लभ इंटर कॉलेज द्योढ़ी बाजार की टीम ने तारुन की टीम को हराकर फाइनल मैच जीता तथा बालिका वर्ग में पानी संस्थान तारुन की टीम ने आनंद एकेडमी ढाबा सेमर 15 को हराकर फाइनल मैच जीता. मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश कबड्डी संघ अध्यक्ष विकास सिँह ने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी व प्रमाण पत्र देकर खिलाड़ियों का सम्मान किया. भरतकुंड न्यास अध्यक्ष अंजनी पाण्डेय, महा सचिव सतीश पाण्डेय, सचिव अम्बरीश चन्द्र पाण्डेय, राधेश्याम शुक्ला, चन्द्र शेखर तिवारी,योगेश मिश्रा, मनोज गुप्ता, अनुराग पाण्डेय आदि ने अतिथियों का माल्यार्पण किया. तत्पश्चात महोत्सव मे संगीत और नृत्य की प्रतियोगिता मेरी आवाज सुनो का प्रारम्भ हुआ. कार्यक्रम में शत्रुहन मोदनवाल, संतोष पाण्डेय, राजेश चौबे, जय प्रकाश, एस बी सागर, काजल पाठक, संदीप चतुर्वेदी, बृजमोहन तिवारी, प्रियंका शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

## बारह को आएंगे राकेश टिकैत : गुलाब बाड़ी मैदान में करेंगे किसान महापंचायत

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) आगामी 12 नवंबर 2022 दिन द्वितीय शनिवार को भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं फायर ब्रांड किसान नेता चौधरी राकेश टिकैत फैजाबाद आ रहे हैं और भारतीय किसान यूनियन मंडल इकाई अयोध्या द्वारा गुलाब बाड़ी मैदान में आयोजित किसान महापंचायत को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करेंगे। उक्त जानकारी देते हुए भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय सचिव घनश्याम वर्मा एडवोकेट ने कहा कि चौधरी राकेश टिकैत जी के साथ राष्ट्रीय महासचिव राजवीर सिंह जादौन, उत्तर प्रदेश अध्यक्ष पं0 राजपाल शर्मा, युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अनुज सिंह सहित तमाम किसान नेता शामिल होंगे।किसान महापंचायत को ऐतिहासिक बनाने के लिए गांव—गांव जनसंपर्क किया जा रहा है।

सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय— हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता—ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक— श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक

श्रीमती हेमा त्रिपाठी

मो0—7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या — 24/234/2019/R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही
समाचार—पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।